www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष :08 | अंक :237 | मुंबई ,मंगलवार , 18 फरवरी , 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2: 00 रुपए


**मौसम**

अधिकतम तापमान 34.c

25.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**

सोना 88.430g

चांदी 91.500 kg


सोशल मीडिया पर भारत संवाद

https://x.com/BharatSamvad

www.facebook.com/bharatsamvad.in

www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n

E-Paper bharatsamvad.live



2 विरूपित इतिहास के घातक परिणाम, पुनर्लेखन समय की मांग

बिजली के खंभे से गिरकर मजदूर की मौत 04


## संक्षिप्त समाचार

### उत्तरपूर्वी दिल्ली के गोकलपुरी में महिला की चाकू घोंपकर हत्या

उत्तरपूर्वी दिल्ली के गोकलपुरी इलाके में सोमवार को 27 वर्षीय महिला की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, गोकलपुरी थाने में सुबह नौ बजकर आठ मिनट पर एक पीसीआर कॉल आई जिसमें जोहरीपुर पुलिया के पास एक महिला के सड़क पर पड़े होने की सूचना दी गयी। पुलिस टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची, जहां सड़क पर खून के धब्बे मिले। महिला को पहले ही अस्पताल पहुंचाया जा चुका था। जग प्रवेश चंद्र अस्पताल पहुंचने पर पुलिस को पता चला कि पीड़िता के पेट में चाकू से वार किया गया था। मेडिकल टीम की तमाम कोशिशों के बावजूद आपातकालीन वार्ड में उसने दम तोड़ दिया। अपराध और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है और पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी हैं। वारदात के पीछे की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है और पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच रही है।

### राजस्थान के कई इलाकों में बादल छाए रहने और हल्की बारिश होने का अनुमान

नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से राजस्थान में कई जगह मंगलवार को बादल छाए रहने व कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। मौसम केंद्र ने यह जानकारी दी। जयपुर मौसम केंद्र के अनुसार 18 से 20 फरवरी के दौरान पश्चिमी विक्षोभ के असर से राज्य के पश्चिमी व उत्तरी भागों में कहीं-कहीं बादल छाए रहने तथा हल्की बारिश होने का अनुमान है। 18 फरवरी को भरतपुर, जयपुर व बीकानेर में कहीं-कहीं हल्की बारिश की संभावना है। वहीं 19 और 20 फरवरी को भरतपुर, जयपुर, कोटा, बीकानेर व जोधपुर में कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। सोमवार सुबह तक के चौबीस घंटे में राज्य में मौसम मुख्यत: शुष्क रहा। इस दौरान राज्य में सर्वाधिक तापमान बाड़मेर में 35.0 डिग्री सेल्सियस तथा सबसे कम न्यूनतम तापमान संगरिया (हनुमानगढ़) में 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया राजधानी जयपुर में इस दौरान अधिकतम व न्यूनतम तापमान क्रमश: 28.9 डिग्री व 17.7 डिग्री सेल्सियस रहा।

# बड़े भूकंप की आशंका के बीच देशभर में एनडीआरएफ अलर्ट मोड पर

## अधिकारियों के अनुसार ये झटका किसी बड़े भूकंप के पहले का संकेत भी हो सकता है

> लोगों से की अपील: एनडीआरएफ के अधिकारियों का कहना है कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सतर्कता बहुत ज्यादा जरूरी है. ऐसे में लोगों को सलाह दी जाती है कि भूकंप आने पर घबराने के बजाय खुले स्थानों में शरण लें और ऊंची इमारतों से दूर रहें.

एजेंसी




नई दिल्ली: दिल्ली-एनसीआर सहित बिहार और बांग्लादेश में सोमवार तड़के भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिससे लोगों में दहशत फैल गई. नेशनल डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स (एनडीआरएफ) ने इसे गंभीरता से लेते हुए देशभर में अपनी बटालियन को अलर्ट पर रखा है. अधिकारियों के अनुसार ये झटका किसी बड़े भूकंप के पहले का संकेत भी हो सकता है, इसलिए सतर्कता बरती जा रही है.एनडीआरएफ के डीआईजी गंभीर सिंह चौहान ने बताया कि वह भी भूकंप के झटकों से जागे और उन्हें कंपन काफी तेज महसूस हुआ. उन्होंने आशंका जताई कि यह किसी बड़े भूकंप की पूर्व चेतावनी हो सकती है. हालांकि अभी देश में ऐसी टेक्नोलॉजी नहीं है, जिससे भूकंप का सटीक पूवार्नुमान लगाया जा सके. इसी के मद्देनजर देशभर में एनडीआरएफ की सभी बटालियन को सतर्क कर दिया गया है और टीमें तुरंत राहत एवं बचाव कार्य के लिए तैयार हैं.

दिल्ली-एनसीआर में ज्यादा है खतरा: दिल्ली और एनसीआर की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए एनडीआरएफ के डीआईजी गंभीर सिंह चौहान का मानना है कि यह क्षेत्र भूकंप के लिहाज से संवेदनशील है

यह इलाका सीस्मिक जोन 4 और 5 के अंतर्गत आता है. यहां भूकंप की तीव्रता अधिक हो सकती है. यदि भूकंप 6 या इससे अधिक तीव्रता का आता है तो दिल्ली एनसीआर में तबाही जैसे हालात हो सकते हैं. घनी आबादी और पुरानी जर्जर इमारतों के कारण यहां जान-माल के नुकसान की आशंका ज्यादा है. इस खतरे को देखते हुए दिल्ली और गाजियाबाद स्थित एनडीआरएफ की सभी बटालियन को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

### सरकार ने संभावित झटकों की चेतावनी दी, प्रधानमंत्री ने दिल्लीवालों से 'शांत रहने' की अपील की

दिल्ली की सुबह काफी खौफ में हुई। तड़के भूकंप के तेज झटको ने दिल्ली वालों का हिला दिया। दिल्ली में भूकंप तो 4.0 तीव्रता का आया है लेकिन इस भूकंप ने सभी को हिला दिया। जोरदार आवाज के साथ धरती कई सेकेंड तक कांपती रही। तेज-तेज झटकों ने लोगों को सहमा दिया। लोग जान बचाने के लिए घर से बाहर भागे। दिल्लीवासियों मे अपना अनुभव बताते हुए कहा कि आज से पहले ऐसा भूकंप नहीं देखा।



# सीईसी को लेकर पीएम की अगुवाई में बैठक

## कांग्रेस ने कहा- जल्दबाजी न करे सरकार

> कांग्रेस ने सुझाव दिया कि सरकार सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई तक सीईसी के चयन के लिए बैठक स्थगित कर दे। कांग्रेस नेता अजय माकन ने कहा कि आज मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) के चुनाव से जुड़ी बैठक हुई। कांग्रेस पार्टी का मानना है कि चूंकि सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि 19 फरवरी को मामले की सुनवाई होगी और कमेटी का संविधान कैसा हो, इस पर फैसला दिया जाएगा।

एजेंसी




नई दिल्ली: मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार 8 फरवरी को सेवानिवृत्त होने वाले हैं, उनके उत्तराधिकारी की नियुक्ति के लिए चयन समिति ने एक नाम पर फैसला करने के लिए सोमवार को बैठक की। समिति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शामिल हैं। हालाँकि, कांग्रेस ने सुझाव दिया कि सरकार सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई तक सीईसी के चयन के लिए बैठक स्थगित कर दे। कांग्रेस नेता अजय माकन ने कहा कि आज मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) के चुनाव से जुड़ी बैठक हुई। कांग्रेस पार्टी का मानना है कि चूंकि सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि 19 फरवरी को मामले की सुनवाई होगी और कमेटी का संविधान कैसा हो, इस पर फैसला दिया जाएगा। ऐसे में आज की बैठक टाल देनी चाहिए थी।

### केंद्र चुनाव आयोग पर नियंत्रण चाहता है

जबकि राहुल गांधी को बैठक में भाग लेते देखा गया, कांग्रेस ने सोमवार को आरोप लगाया कि सीईसी का चयन करने के लिए भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) को पैनल से हटाकर केंद्र सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि वह नियंत्रण चाहती है, न कि चुनाव आयोग की विश्वसनीयता। राजीव कुमार के जाने के बाद, ज्ञानेश कुमार सबसे वरिष्ठ चुनाव आयुक्त बन जाएंगे, उनका कार्यकाल 26 जनवरी, 2029 तक बढ़ जाएगा। चयन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए, केंद्र सरकार ने हाल ही में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के नेतृत्व में एक खोज समिति की स्थापना की। इस समिति को अगले मुख्य चुनाव आयुक्त की भूमिका के लिए संभावित उम्मीदवारों का चयन करने और प्रमुख पद के लिए सबसे योग्य और सक्षम व्यक्ति की नियुक्ति सुनिश्चित करने का काम सौंपा गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्त (ईसी) की नियुक्ति एक चयन समिति की सिफारिशों के आधार पर भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।

# 'चीन भारत का दुश्मन नहीं' सैम पित्रोदा के बयान की बीजेपी ने की निंदा

## कहा-'गलवान शहीदों का अपमान', कांग्रेस ने भी किया किनारा

> उन्होंने देश से चीन को दुश्मन के रूप में देखने की मानसिकता से आगे बढ़ने का आग्रह किया. पित्रोदा ने तर्क दिया कि चीन के प्रति भारत का दृष्टिकोण शुरू से ही टकराव वाला रहा है, जो शत्रुता को बढ़ावा देता है. उन्होंने सुझाव दिया कि चीन सहित सभी को दुश्मन के रूप में नहीं माना जाना चाहिए और भारत को चीन के प्रति कम प्रतिकूल दृष्टिकोण अपनाना चाहिए.

एजेंसी

नई दिल्ली: भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा की चीन से भारत को खतरे की सीमा पर सवाल उठाने वाली टिप्पणियों की आलोचना की और कहा कि उनके बयान पार्टी की मानसिकता को दशार्ते हैं. बीजेपी सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने सैम पित्रोदा की टिप्पणी की आलोचना की और दावा किया कि सैम पित्रोदा का सुझाव भारत की पहचान, कूटनीति और संप्रभुता के लिए गहरा आघात है.



त्रिवेदी ने पूछा, मैं कांग्रेस से पूछना चाहता हूं कि क्या यह गलवान के शहीदों का अपमान नहीं है? गलवान में जो हुआ, हमारे 20 जवान शहीद हुए और उसके बाद आपके विदेशी प्रमुख ऐसी भाषा बोलते हैं, तो यह निंदनीय है और भारतीय सेना और हमारे सैनिकों के बलिदान का अपमान है.

### सैम पित्रोदा का बयान

बता दें कि कांग्रेस के एक प्रमुख दिग्गज नेता और राहुल गांधी के करीबी सहयोगी पित्रोदा ने कहा है कि चीन से खतरे को अक्सर बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है और उन्होंने भारत को चीन को मान्यता देने और उसका सम्मान करने की आवश्यकता पर जोर दिया. पित्रोदा ने तर्क दिया कि चीन के प्रति भारत के दृष्टिकोण में बदलाव होना चाहिए. कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने स्पष्ट किया है कि सैम पित्रोदा द्वारा क को दिए गए इंटरव्यू में चीन के संबंध में व्यक्त किए गए विचार कांग्रेस पार्टी की स्थिति का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं.उन्होंने कहा, ₹चीन हमारी सबसे बड़ी विदेश नीति, बाहरी सुरक्षा और आर्थिक चुनौती बना हुआ है.

# प्रयागराज, काशी और अयोध्या ने दिखाया भारत का पोटेंशियल : योगी

## अब तक 53 करोड़ से अधिक श्रद्धालु कर चुके स्नान: मुख्यमंत्री

> मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया 'युवा उद्यमियों से संवाद'.2016-17 में यूपी में जब भाजपा सरकार नहीं थी, तब अयोध्या में आते थे महज 2.35 लाख श्रद्धालु, 2024 में यह संख्या बढ़कर हुई लगभग 14-15 करोड़ से अधिक: योगी .प्रयागराज में निवेश करने वाले निवेशक ने 21 दिन में 14 करोड़ मूलधन और इतना ही लाभ भी कमाया: सीएम. भारत की आस्था को दुनिया के सामने भी दिखाकर अपनी ताकत का अहसास भी करा रहे श्रद्धालु. आठ वर्ष में यूपी ने काफी प्रगति की, अब त्योहारों पर चीन के नहीं, ओडीओपी उत्पाद के दिए जाते हैं उपहार: योगी.

एजेंसी

- महाकुम्भ का विरोध करने वालों से बेहतर है हमारी इकॉनमिक्स: सीएम
- एक वर्ष में राम मंदिर में आया 700 करोड़ का चढ़ावा: मुख्यमंत्री

लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि अपनी संस्कृति और परंपराओं को सम्मान देकर किस तरह देश की एकता और आर्थिकी को प्रोत्साहित किया जा सकता है, यह महाकुम्भ के अवसर पर सहज ही अनुभव किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में अयोध्या, काशी और प्रयागराज में जिस प्रकार श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है, उसने भारतीय संस्कृति को नई पहचान तो दी ही है, अर्थव्यवस्था को भी बड़ा बूस्ट दिया है। अयोध्या, काशी और प्रयागराज ने भारत के पोटेंशियल को दशार्या है। मुख्यमंत्री योगी, सोमवार




को महाराष्ट्र से आये हायुवा उद्यमियों से संवाद कर रहे थे। युवा भारत संस्था के तत्वावधान में मुंबई के औद्योगिक घरानों से जुड़े उद्यमी संवाद में शामिल हुए। संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ पर उंगली उठाने वालों को भी करारा जवाब दिया। बोले कि, महाकुम्भ का विरोध करने वालों से हमारी इकॉनमिक्स बेहतर है। उन्होंने उद्यमियों से पूछा कि अगर केंद्र व राज्य की तरफ से मिलकर 7500 करोड़ रुपये खर्च करके अर्थव्यवस्था में तीन से साढ़े तीन लाख की अतिरिक्त वृद्धि हो सकती है तो कौन सा सौदा सही है। उन्होंने कहा कि अयोध्या, प्रयागराज, काशी, चित्रकूट, गोरखपुर, नैमिषारण्य में बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर है।

# महाकुंभ- प्रयागराज में लगा भीषण जाम

## कई किमी तक कारों की लाइन, महीनेभर में पांचवीं बार आग लगी; 1 करोड़ ने स्नान किया

एजेंसी

प्रयागराज , महाकुंभ में आज फिर जबरदस्त भीड़ है। नैनी ब्रिज नया पुल जाम है। कई किमी तक कारों की लाइन लगी है। प्रयागराज के सभी 7 एंट्री पॉइंट जाम हो गए हैं। शाम 4 बजे तक 1.23 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। आज महाकुंभ का 36वां दिन है। 13 जनवरी से अब तक 54.19 करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं। प्रयागराज महाकुंभ मेला परिसर में सोमवार दोपहर एक बार फिर आग लग गई है। सेक्टर-8 में लगी आग पर दमकल कर्मियों ने काबू पा लिया है।



श्री कपि मानस मंडल और उपभोक्ता संरक्षण समिति के शिविर में आग लगी थी। दोनों शिविर में दो-दो तंबू जले हैं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रशांत सिंह राणा ने कहा- लगभग 3 बजे हमें टेंट में आग लगने की सूचना मिली। खाली टेंट था, कोई जनहानि नहीं हुई है। आगे की जांच चल रही है।

# दिल्ली के नए मुख्यमंत्री की शपथ 20 फरवरी को

## 19 को विधायक दल की बैठक, शपथ में प्रधानमंत्री समेत 20 राज्यों के मुख्यमंत्री आएंगे

▸▸ रिजल्ट आए 9 दिन बीते, भाजपा में मुख्यमंत्री फेस ही नहीं दिल्ली की : पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने

एजेंसी

नई दिल्ली , दिल्ली विधानसभा चुनाव रिजल्ट के 12 दिन बाद 20 फरवरी को नए मुख्यमंत्री रामलीला मैदान में शपथ लेंगे। हालांकि, भाजपा ने अब तक उट फेस तय नहीं किया है। पार्टी विधायक दल की बैठक 19 फरवरी को बुलाई गई है, जिसमें उट की घोषणा होगी। इससे पहले 16 फरवरी शाम को खबर आई कि 17 फरवरी, यानी आज विधायक दल की



बैठक होगी और 18 फरवरी को शपथ ग्रहण समारोह होगा। हालांकि, कुछ देर बाद इसे दो दिन के लिए टाल दिया गया। इसकी वजह नहीं बताई गई। भाजपा सूत्रों के मुताबिक शपथ ग्रहण कार्यक्रम दिल्ली के रामलीला मैदान में होगा। इसमें प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय मंत्री, भाजपा शासित 20 राज्यों के मुख्यमंत्री और डिप्टी उट शामिल होंगे। इसके अलावा उद्योगपति, फिल्म स्टार, क्रिकेट खिलाड़ी, साधु-संत और राजनयिक भी आएंगे। भाजपा सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली के 12 से 16 हजार लोगों को भी बुलाने की तैयारी की गई है। कार्यक्रम की व्यवस्था की देखरेख के लिए भाजपा महासचिव विनोद तावड़े और तरुण चुघ को प्रभारी बनाया गया है। आज शाम तावड़े और चुघ दिल्ली भाजपा नेताओं के साथ व्यवस्थाओं को लेकर बैठक करेंगे।

# अश्लील जोक्स मामला : रणवीर इलाहाबादिया की बढ़ी मुश्किलें

## साइबर सेल ने भेजा समन

> रणवीर इलाहाबादिया के खिलाफ साइबर सेल ने समन भेजा है. हालांकि, रणवीर माफी मांग चुके हैं, पर उनकी मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं.

एजेंसी

मुंबई : समय रैना के शो इंडियाज गॉट लेटेंट में अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर फंसे यूट्यूबर-पॉडकास्टर रणवीर इलाहाबादिया की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं. मामले को लेकर महाराष्ट्र साइबर सेल ने सोमवार को उन्हें समन भेजा है. भले ही पेरेंट्स पर अश्लील जोक्स कर मुश्किलों में फंसे रणवीर ने एक नहीं, दो बार माफी मांग ली हो,



मगर मामले को लेकर फिलहाल कोई राहत मिलती नहीं दिख रही है. महाराष्ट्र साइबर सेल मामले को लेकर रणवीर इलाहाबादिया को पहले भी समन भेज चुका है. हालांकि, रणवीर अपना बयान दर्ज कराने के लिए पुलिस स्टेशन नहीं पहुंचे.जारी किए गए नए समन में साइबर सेल ने रणवीर को 24 फरवरी को पेश होने के लिए कहा है।

**कमेटी** | **एक्सपर्ट कमेटी बनाने की मांग की गई**

# नई दिल्ली रेलवे स्टेशन भगदड़ का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। 15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ के आलोक में सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई है। वकील विशाल तिवारी द्वारा दायर याचिका में भीड़ प्रबंधन के लिए दिशानिर्देश और उपाय तैयार करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति के गठन की मांग की गई है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। प्रयागराज जहां महाकुंभ चल रहा है। वहां जाने के लिए ट्रेनों में चढ़ने का इंतजार कर रहे यात्रियों की भीड़ बढ़ गई थी। याचिका में कहा गया है कि भगदड़ शनिवार देर रात उस समय हुई जब हजारों लोग नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ने के इंतजार में जमा थे। याचिकाकर्ता के अनुसार, हाल ही में प्रयाग में कुंभ मेले




में हुई भगदड़ सहित ऐसी कई भगदड़ें हुई हैं, लेकिन भीड़ नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए संसाधनों और प्रौद्योगिकी की उपलब्धता के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई है। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया है कि संसाधनों का आम आदमी के लाभ के लिए प्रभावी ढंग से उपयोग नहीं किया जाता है, बल्कि केवल कुछ वीआईपी के लिए ही उपयोग किया जाता है। याचिकाकर्ता ने कहा कि आज हमारे पास पर्याप्त बल हैं, स्वयंसेवक हैं, हमारे पास तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस है और फिर भी ऐसी घटना घटती है तो यह खेदजनक स्थिति है। कुछ लोगों या वीआईपी लोगों के लिए सरकार सभी प्रौद्योगिकी और खुफिया जानकारी तैनात कर सकती है, लेकिन आम लोगों के लिए उन्हें भगवान की दया पर छोड़ दिया जाता है। याचिकाकर्ता के अनुसार, हादसा प्रयागराज जाने वाली ट्रेन के प्रस्थान प्लेटफॉर्म में अंतिम समय में किए गए बदलाव के कारण हुआ। इस दौरान भीड़ अनियंत्रित हो गई, जिससे भगदड़ मच गई। उन्होंने यह भी बताया कि इससे पहले भी रेलवे स्टेशनों पर इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं. हालांकि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घटना की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं. उन्होंने बताया कि अचानक भीड़ को नियंत्रित करने के लिए चार विशेष ट्रेनें चलाई गईं और अब स्थिति नियंत्रण में है?. बता दें कि घटना रात 9:55 बजे हुई, जब हजारों श्रद्धालु प्रयागराज जाने के लिए स्टेशन पर मौजूद थे. स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस और भुवनेश्वर राजधानी एक्सप्रेस की देरी ने भी भीड़ को बढ़ा दिया. हर घंटे 1500 जनरल टिकट बेचे जा रहे थे, जिससे भीड़ लगातार बढ़ती गई.

> याचिकाकर्ता के अनुसार, हाल ही में प्रयाग में कुंभ मेले में हुई भगदड़ सहित ऐसी कई भगदड़ें हुई हैं, लेकिन भीड़ नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए संसाधनों और प्रौद्योगिकी की उपलब्धता के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

# दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ की अंतिम जिम्मेदारी रेल मंत्री की है : पवन बंसल



> कांग्रेस नेता ने कहा कि महाकुंभ और छठ पूजा जैसे आयोजनों के दौरान उचित योजना के साथ पहले से व्यवस्था करनी पड़ती है। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, पर्याप्त और उचित व्यवस्था नहीं थी।

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन कुमार बंसल ने रविवार को कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ की अंतिम जिम्मेदारी रेल मंत्री की है और वह इससे बच नहीं सकते। पूर्व रेल मंत्री बंसल ने कहा कि सरकार तीर्थयात्रियों की भीड़ का अनुमान लगाने और उसके अनुसार व्यवस्था करने में पूरी तरह विफल रही है। बंसल ने कहा कि महाकुंभ के बारे में व्यापक प्रचार के कारण बड़ी संख्या में लोग वहां पहुंच रहे हैं, लेकिन रेलवे स्टेशनों पर उस हिसाब से व्यवस्था नहीं की गई। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान रेल मंत्री रहे बंसल ने कहा कि नई दिल्ली देश का सबसे प्रतिष्ठित रेलवे स्टेशन है और उन्होंने आश्चर्य जताया कि महाकुंभ पर भीड़ के मद्देनजर पहले से पर्याप्त व्यवस्था क्यों नहीं की गई। कांग्रेस नेता ने कहा कि महाकुंभ और छठ पूजा जैसे आयोजनों के दौरान उचित योजना के साथ पहले से व्यवस्था करनी पड़ती है।

उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, पर्याप्त और उचित व्यवस्था नहीं थी। सरकार तीर्थयात्रियों की भीड़ का अनुमान लगाने में पूरी तरह विफल रही... अधिकारियों की ओर से व्यवस्थाओं की कमी के कारण यह त्रासदी हुई।

## सम्पादकीय

### नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़, हादसों से कब लेंगे सबक?

किसी भी भीड़ भरे स्थल में तनिक सी अव्यवस्था फैलते ही लोग एक नागरिक के रूप में बुनियादी जिम्मेदारी के भाव का परित्याग कर देते हैं। शासन-प्रशासन की गलतियां अपनी जगह हैं लेकिन कहीं न कहीं लोगों को भी जिम्मेदारी का परिचय देना होगा जैसा कि चीन और जापान जैसे देशों में सहज ही देखने को मिलता है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और क्षोभजनक है कि शासन के सर्वोच्च शिखरों की नाक के नीचे अर्थात देश की राजधानी में रेलवे स्टेशन में भगदड़ मचने से 18 यात्रियों की मौत हो गई और एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। इस घटना को रोका जा सकता था यदि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के अधिकारी तनिक भी सतर्कता का परिचय देते और यह साधारण सा अनुमान लगा सकते कि महाकुंभ जाने वालों की भारी भीड़ के प्रबंधन की अतिरिक्त आवश्यकता होगी। यह अनुमान इसलिए लगाया जाना चाहिए था, क्योंकि महाकुंभ अंतिम चरण में है और यह देखने को मिल रहा था कि शनिवार को प्रयागराज जाने वाले यात्रियों की संख्या बढ़ जाती है। यह घोर निराशाजनक है कि न केवल यह अनुमान लगाने से बचा गया, बल्कि ऐसे कोई उपाय नहीं किए गए कि रेलवे स्टेशन पर बड़ी संख्या में उमड़ रहे यात्रियों को कोई कठिनाई न होने पाए। उन्हें कठिनाई से बचाने के बजाय ऐसे काम किए गए जिससे स्थितियां और बिगड़ गईं। समझना कठिन है कि जब रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई थी तब फिर भीड़ के दबाव का अनुमान लगाए बिना जनरल टिकट क्यों बेचे जा रहे थे। यह समझ आता है कि महाकुंभ जाने वाले यात्रियों के बीच प्रयागराज एक्सप्रेस और प्रयागराज स्पेशल ट्रेन को लेकर संशय पैदा हुआ और उसके चलते अफरातफरी मची, लेकिन आखिर भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त संख्या में रेलवे के सुरक्षाकर्मियों की तैनाती क्यों नहीं की गई। ऐसा लगता है कि कोई भी यह देखने-समझने वाला नहीं था कि कुछ ट्रेनों के प्रस्थान में विलंब होने के कारण प्लेटफार्म पर यात्रियों की भीड़ बढ़ती जा रही है। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि रेल मंत्री की ओर से इस हादसे की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दे दिए गए हैं, क्योंकि एक तो अतीत में इस तरह की घटनाओं की जांच के नतीजे बहुत उम्मीद नहीं जगाते और दूसरे, इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि रेलवे अधिकारी भगदड़ मचने और लोगों के मरने एवं घायल होने की बात से ही इनकार करते रहे। जो भी हो, यह हादसा यह भी बता रहा है कि अपने देश में भारी भीड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर लोग अनुशासन एवं संयम का परिचय देने के लिए तत्पर नहीं रहते। समय के साथ बहुत सी चीजें बदल रही हैं, लेकिन सार्वजनिक स्थलों पर लोगों में अनुशासन के अभाव की समस्या जस की तस है।

## आज का विचार







## राशिफल

**मेष :** आज भूमि, भवन, दुकान व फैक्टरी आदि के खरीदने की योजना बनेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। अपरिचितों पर अतिविश्वास न करें। प्रमाद न करें। शारीरिक कष्ट संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कुबुद्धि हावी रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**वृष :** वृष आज कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। कारोबारी अनुबंधों में वृद्धि हो सकती है। समय का लाभ लें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। कानूनी बाधा आ सकती है। विवाद न करें।

**मिथुन :** आज ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च हो सकता है। जल्दबाजी न करें। कष्ट, भय, चिता व बेचैनी का वातावरण बन सकता है। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। मातहतों से संबंध सुधरेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कर्क :** आज स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद से क्लेश संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। अपेक्षित कार्यों में अप्रत्याशित बाधा आ सकती है। तनाव रहेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। राज्य के प्रतिनिधि सहयोग करेंगे।

**सिंह :** कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल होंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। सुख के साधनों पर व्यय हो सकता है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। प्रमाद न करें। बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। काम का विरोध होगा। तनाव रहेगा।

**कन्या :** आज व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। बेचैनी रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। थकान महसूस होगी। वरिष्ठजन सहयोग करेंगे।

**तुला:** आज स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। किसी विवाद में उलझ सकते हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जोखिम न उठाएं। घर-बाहर असहयोग मिलेगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। आय में कमी हो सकती है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है।

**वृश्चिक :** आज रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कोई बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी।

**धनु :** आज आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ मनोरंजन का कार्यक्रम बन सकता है। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। लेन-देन में सावधानी रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार में तनाव रह सकता है।

**मकर :** आज शत्रु नतमस्तक होंगे। विवाद को बढ़ावा न दें। प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आय के स्रोतों में वृद्धि हो सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बाधा संभव है। फालतू खर्च होगा। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**कुंभ :** आज आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलेगी। तनाव रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी के व्यवहार से क्लेश हो सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। दुःखद समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। प्रतिद्वंद्विता बढ़ेगी। पारिवारिक चिंता में वृद्धि होगी।

**मीन :** आज विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा। पठन-पाठन में मन लगेगा। दूर यात्रा की योजना बन सकती है। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। बेचैनी रहेगी। धनार्जन सुगम होगा।

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# विरूपित इतिहास के घातक परिणाम, पुनर्लेखन समय की मांग

> विरूपित इतिहास में भारत की वीरता का इतिहास नहीं है। यह स्वागतयोग्य है कि संस्कृति मंत्रालय ने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संवर्धित करने के लिए राष्ट्रीय सांस्कृतिक मानचित्रण मिशन शुरू किया है। सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण भी हो रहा है। इतिहास और विश्ववरेण्य सांस्कृतिक विरासत को संजोने की आवश्यकता है। भारत के इतिहास का पुनर्लेखन समय की मांग है।



संस्कृति समृद्ध समाज की अस्मिता की पहचान का मूल इतिहासबोध है, लेकिन भारतीय इतिहास का योजनाबद्ध विरूपण हुआ है। उत्तर प्रदेश के संभल में एएसआइ सर्वेक्षण के दौरान मंदिर और कुओं के अवशेष मिले हैं। संभल कल्कि देव समिति की पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन ट्रस्ट और पतंजलि विश्वविद्यालय की बैठक में घोषणा की गई है कि ऐतिहासिक स्थलों की प्राचीनता का अध्ययन होगा। कार्बन डेटिंग सहित सभी उपकरणों की सहायता ली जाएगी। ऐतिहासिक महत्व के अनेक स्थलों की जांच अधूरी है। अब तक 68 मंदिर और 19 कुओं सहित ऐतिहासिक महत्व की तमाम सामग्री प्राप्त हुई है। इतिहास का विरूपण केवल संभल में ही नहीं हुआ। देश के अनेक हिस्सों में इतिहास को विकृत करने और सांस्कृतिक तथ्यों को मिटाने की कोशिशें हुई हैं। मध्यकाल में मंदिर ध्वंस की हजारों घटनाएं ऐसी ही हैं। इतिहास में जय, पराजय, विषाद और प्रसाद साथ-साथ होते हैं। इसमें प्रेरक प्रसंग होते हैं और गलतियां भी। इतिहास का एक भाग अकरणीय होता है। एक भाग करणीय होता है और बड़ा भाग अनुकरणीय एवं विचारणीय। प्रत्येक संस्कृति का अपना इतिहास होता है। इतिहास की अपनी संस्कृति होती है। वेद, उपनिषद और रामायण-महाभारत इतिहास हैं, किंतु साम्राज्यवादी हितों के पोषक तत्वों ने श्रीराम और श्रीकृष्ण आदि को कल्पना बताया है। वैदिक आर्यों को विदेशी आक्रांता बताया गया। अब यह सिद्ध हो गया है कि आर्य विदेशी नहीं थे और न ही हमलावर। वैदिक पूर्वजों पर सिंधु घाटी की सभ्यता नष्ट करने का आरोप लगाया गया था। वस्तुतः यह सभ्यता वैदिक सभ्यता का विस्तार थी। आर्य आक्रमण के झूठे इतिहास की पोल खुल चुकी है। भारत में ब्रिटिश साम्राज्यवादी हितों को मजबूत करने के लिए भारत को सदा पराजित देश बताया गया। हमारे ऐतिहासिक नायकों की भी उपेक्षा की गई। तमाम इतिहासकार अंग्रेजीराज का औचित्य सिद्ध करने में जुटे थे। उन्होंने भारत को राष्ट्र ही नहीं माना। इस पक्षपातपूर्ण इतिहास में केरल के मार्तंड वर्मा, बंगाल के भास्कर बर्मन, बहराइच (उप्र) के राजा सुहेलदेव के पराक्रम के तथ्य नहीं हैं। छत्रपति शिवाजी की राष्ट्रभक्ति और पौरुष पराक्रम की उपेक्षा की गई है। वर्ष 1857 में देश में पहले स्वाधीनता संग्राम को ब्रिटिश भक्त इतिहासकारों ने सिपाही विद्रोह बताया। सावरकर ने इसे प्रथम स्वाधीनता संग्राम आंदोलन बताया था। इतिहास विरूपकों ने यही स्थापित किया कि भारत आत्महीन देश है। अंग्रेज और इस्लाम आने के पहले भी भारत पर कई जातियों ने हमले किए थे। उनके अनुसार भारत कभी नहीं जीता। वे सिद्ध करना चाहते थे कि पराजित बने रहना भारत की नियति है। यह मुस्लिम आक्रमणों से हारा। लंबे समय तक इस्लामी-अंग्रेजी सत्ता के अधीन रहा, जबकि सच ऐसा नहीं था। इसके बावजूद हम इतिहास में अपने पूर्वजों के पराक्रम के अंश खोजते ही रह जाते हैं। क्या हम अंग्रेजी वामपंथी इतिहासकारों के तथ्यहीन इतिहास पर निर्भर नहीं हैं? तथ्यहीन इतिहास प्रेरित नहीं करता। छद्म सेक्युलरों ने भारतीय जनता को पराजित मानसिकता में बनाए रखने की मुहिम चला रखी है। सही इतिहास यह है कि भारत ने विदेशी आक्रांताओं का प्रतिरोध किया है। अरबों को इतिहास में विजेता कहा जाता है। इसका दूसरा पहलू बंकिम चंद्र ने लिखा है, ह्यअरब एक प्रकार से दिग्विजयी रहे हैं। उन्होंने जहां-जहां आक्रमण किए, वहां-वहां जीते। मगर फ्रांस और भारत से पराजित होकर लौटे। हजरत मोहम्मद के बाद छह वर्ष के भीतर उन्होंने मिस्र एवं सीरिया, 10 वर्ष में ईरान, फिर एक वर्ष के भीतर अफ्रीका और स्पेन को, 80 वर्ष के भीतर काबुल को, आठ वर्षों के भीतर तुर्किस्तान पर अधिकार किया, लेकिन 300 वर्ष की लंबी अवधि में भी भारत को हस्तगत नहीं कर पाए।ह्न सेक्युलर लिबरल भारत को अभी भी विभाजित समूहों का देश मानते हैं। राहुल गांधी ने कुछ दिन पहले ही भारत को राष्ट्र नहीं, बल्कि राज्यों का समूह बताया है। यह तथ्यहीन है। भारत संप्रभु राष्ट्र राज्य है। यहां सभी राज्य भारत के अंग हैं। इसीलिए संसद को किसी राज्य को छोटा या बड़ा बनाने के अधिकार हैं। इतिहास के विरूपण से राष्ट्र की एकता-अखंडता प्रभावित होती है। इतिहास मार्गदर्शक होता है, लेकिन भारत में यह संभव नहीं हो पाया। यूरोपीय इतिहासकारों ने भारतीय इतिहास को भी ब्रिटिश इतिहास का अंग बनाया था। उन्होंने बताया कि अंग्रेजों ने ही भारत को राष्ट्र बनाया। गांधीजी ने 1909 में हिंद स्वराज में लिखा, ह्यअंग्रेजों ने पढ़ाया है कि उन्होंने ही भारत को एक राष्ट्र बनाया है। यह बात असत्य है। भारत अंग्रेजों के आने के पहले ही एक राष्ट्र था। गांधीजी ने अंग्रेजी तर्ज के इतिहास लेखन की आलोचना की है कि उनका इतिहास कोलाहलपूर्ण और युद्ध एवं हिंसा से भरा है। विरूपित इतिहास में भारत की वीरता का इतिहास नहीं है। सबाल्टर्न इतिहासकार पार्थ चटर्जी के अनुसार देश का इतिहास लिखने के बदले उसके खंडों का इतिहास लिखा जाए, क्योंकि भारत एक इकाई नहीं है। भारत को इकाई न मानना कुत्सित इतिहासबोध है। इतिहास विवेचन में पुरातत्व मुख्य घटक होता है। नदियां भी इतिहास विवेचन की सामग्री हैं। प्राकृतिक कारणों से नदियों में परिवर्तन होते हैं। शब्द भी प्रमाण होते हैं। पुरातत्व और वैदिक साहित्य में वास्तविक इतिहास की झलक मिलती है। संस्कृति और सभ्यता भी राष्ट्र गठन के मुख्य तत्व हैं। भारतीय संस्कृति में निरंतरता है। ऋग्वेद के रचनाकाल से लेकर समूचा वैदिक काल, उत्तर वैदिक काल, रामायण, महाभारत, शंकराचार्य और आधुनिक काल के स्वाधीनता आंदोलन तक प्रगाढ़ सांस्कृतिक निरंतरता है। यह स्वागतयोग्य है कि संस्कृति मंत्रालय ने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संवर्धित करने के लिए राष्ट्रीय सांस्कृतिक मानचित्रण मिशन शुरू किया है। सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण भी हो रहा है। इतिहास और विश्ववरेण्य सांस्कृतिक विरासत को संजोने की आवश्यकता है। भारत के इतिहास का पुनर्लेखन समय की मांग है।

# आयकर ढांचा बनाम आर्थिक विकास

विजय गर्ग




आगामी वित्तवर्ष के लिए बजट में सबसे अधिक चर्चा आयकर में दी गई छूट के इर्द-गिर्द ही है। कोई दो मत नहीं कि केंद्र सरकार ने इस बार आयकर सीमा में अप्रत्याशित वृद्धि की है। इस संबंध में यह मांग अरसे से हो रही थी। यह एक दबाव भी था। मगर क्या सरकार का यह कदम आने वाले समय में आर्थिक विकास में तेजी लाएगा या इसे ऐसी आर्थिक नीति के तौर पर जाना जाएगा, जिसमें राजनीतिक दृष्टिकोण बड़ा रुख रखता था, यह अभी स्पष्ट नहीं है। प्रारंभिक तौर पर इसमें यह देखने को मिलता है कि आयकर छूट से नागरिकों के पास वित्तीय तरलता में तो बढ़ोतरी होगी और साथ इसके प्रत्यक्ष तौर पर दो फायदे भारतीय अर्थव्यवस्था में देखने को मिलेंगे।

पहला, व्यक्तियों की क्रय क्षमता बढ़ेगी और दूसरा, उनकी बचत बढ़ेगी। तीसरा । फायदा यह भी हो सकता सकता है कि कुछ व्यक्तियों को इस वित्तीय बचत से अपने ऋण के भुगतान में भी सहायता मिले, जो पिछले कुछ वर्षों से अपने पास कम वित्तीय तरलता से जूझ रहे थे। यानी संभव है कि क्रेडिट कार्ड के बकाया भुगतान या मकान बनाने के लिए उनके द्वारा लिए गए वित्तीय ऋणों की ऋणों की मासिक किस्तों के कारण आर्थिक तरलता में हुई कमी को एक सहारा मिले।

इस पक्ष पर अगर सिलसिलेवार समझने की कोशिश की जाए, तो कुछ आंकड़ों को भी साथ लेकर चलना पड़ेगा। आर्थिक सर्वेक्षण के अंतर्गत सरकार ने आगामी वित्तीय वर्ष के लिए सामान्य विकास की दर को दस फीसद द के आसपास प्रस्तावित किया है और महंगाई को पांच फीसद से कम । कम इससे स्पष्ट है कि जीडीपी की वास्तविक विकास की दर छह से सात फीसद के बीच ही रहने की संभावना है। इसलिए मोटे तौर पर सभी को यह बात समझनी होगी कि अर्थव्यवस्था में आर्थिक विकास की दर को बनाए रखने के लिए क्रय क्षमता में तेजी रखना सरकार की प्राथमिकता में है। इसके साथ ही तस्वीर का दूसरा पक्ष एक अलग असलियत को रखता है और वह यह बताता है कि भारत में से

आयकर देने वालों की संख्या मात्र आठ करोड़ के आसपास है, जो आबादी का मात्र का मात्र पांच फीसद है। इससे पहले आयकर सीमा सात लाख रुपए थी, जिसे सरकार ने इस बार बजट में बढ़ा कर बारह लाख रुपए कर दिया, लेकिन इस आयकर सीमा के अंतर्गत आने वाले करदाता तीन करोड़ या उससे कम ही हैं। यानी तीन करोड़ करदाता जो औसतन 15 करोड़ जनसंख्या का ही प्रतिनिधित्व करते हैं और उन्हें ही इस कर मुक्त सीमा का फायदा मिलेगा। तो क्या 140 करोड़ से अधिक जनसंख्या वाले मुल्क में आर्थिक विकास की जिम्मेदारी चाहे क्रय क्षमता बढ़ाने के संदर्भ में हो या आर्थिक बचत के हिसाब से, मुल्क के इस छोटे से तबके पर ध्यान देना तर्कसंगत है? जबकि भारत जीडीपी के हिसाब से चाहे विश्व में पांचवीं अर्थव्यवस्था का मुकाम रखता है, पर प्रति व्यक्ति आय के हिसाब से विश्व में बहुत पीछे है।

आयकर सीमा में बढ़ोतरी का प्रावधान वित्तवर्ष 2025-26 अप्रैल से लागू होगा। अब इस संदर्भ में यह बात भी समझनी होगी कि आगामी वित्तवर्ष की पहली दो तिमाहियों तक इस प्रावधान के सकारात्मक असर देखने को नहीं मिलेंगे। क्योंकि दिवाली तीसरी तिमाही में आती है और भारत में क्रय क्षमता का असली शक्ति प्रदर्शन उसी दौरान होता है। इस बजट के बाद से एक और चर्चा बहुत आम रही है कि आयकर की इस सीमा में बड़ी वृद्धि को मध्यवर्गीय व्यक्ति और उसके परिवार से प्रत्यक्ष तौर पर जोड़ दिया गया है, जो कि उचित नहीं है। भारत में मध्यवर्गीय व्यक्ति आबादी के करीबन 60 फीसद से अधिक का प्रतिनिधित्व करता है, जबकि आयकर सीमा में बढ़ोतरी का फायदा मात्र तीन करोड़ परिवारों को होने वाला है, जो कुल जनसंख्या दस फीसद हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। इसलिए इस करमुक्त सीमा के प्रावधान कोपूर्ण रूप से मध्यवर्गीय व्यक्ति के साथ जोड़ना अनुचित है। क्योंकि ये प्रावधान उच्च मध्यवर्गीय व्यक्ति को ही प्रभावित करते हैं। वित्तवर्ष 2017-18 से वर्ष 2024-25 तक वेतन भोगी व्यक्तियों की आय में छह फीसद से अधिक की कमी देखी गई गई है, ₹जबकि स्वनियोजित रोजगार वाले लाखों व्यक्तियों की आय में नौ फीसद से अधिक की कमी दर्ज की गई है। यहां यह बताना अत्यंत आवश्यक है कि जिन आयकरदाताओं को इस आयकर सीमा में बढ़ोतरी से फायदा होगा, वे कूल बेतेनी भाबका है, जिनके वेतन में पिछले छह- वेतन भोगियों का मात्र 25 फीसद है, बाकी बचा 75 फीसद वह वेतन सात वर्षों में बहुत अधिक वृद्धि दर्ज नहीं हुई है और इसके अलावा महंगाई दर का चार से पांच फीसद के बीच बने रहना तथा खाद्य पदार्थ की महंगाई का आठ फीसद के स्तर पर पहुंचना, उनके लिए अत्यंत कष्टदायक है, क्योंकि जीएसटी की दरों में किसी भी तरह के परिवर्तन की कोई उम्मीद अभी नहीं दिखती है।

सरकार ने बजट प्रस्तुत करते समय आयकर सीमा में इतनी बड़ी राहत देकर एक तरह से तकरीबन एक लाख करोड़ रुपए के आर्थिक नुकसान को भी प्रस्तावित किया है। ज्ञात रहे कि तीन-चार वर्ष पहले जब सरकार ने कंपनियों के करों की दर में कमी की थी, तो उसने एक प्रकार से डेढ़ लाख करोड़ का घाटा प्रस्तावित किया था। जबकि वित्तीय नुकसान उससे दोगुना हुआ था। यह समझना भी अत्यंत आवश्यक है कि इस आयकर सीमा में बढ़ोतरी से प्रति व्यक्ति आय और न्यूनतम आयकर की सीमा के बीच का अंतर छह गुना से अधिक हो गया है। क्या यह पक्ष भारत में गरीबों के पैमाने को अत्यंत प्रभावित नहीं करेगा ? तनहा करणार आर्थिक विषमता को और अधिक गहरा नहीं करेगा ? नब्बे के दशक के आर्थिक सुधारों के समय भारत में प्रति व्यक्ति आय और न्यूनतम आर्थिक सीमा के बीच का अंतर तीन गुना हुआ करता था। अमेरिका में आज यह अंतर दोगुने से भी कम है। ऐसे समय में भारत में इसका छह आने वाले समय में आर्थिक विकास में किसके स्तर पर पहुंचना, गुना अधिक सुविधाजनक होगा, यह अभी बहुत स्पष्ट नहीं है। फिर भी, इस कदम के बहुत सकारात्मक पक्ष आने वाले समय में ही दिखेंगे। इससे निजी आर्थिक निवेश को मिलेगा। क्योंकि यह व्यक्ति की आर्थिक क्षमता को यकीनन बढ़ाएगा। इसके अलावा लोगों की इससे बढ़ने वाली आर्थिक बचत का फायदा भी आने वाले दिनों में भारतीय पूंजी बाजार, बैंकिंग क्षेत्र, जमीन-जायदाद कारोबार क्षेत्र आदि में देखने को मिलेगा। इसके अलावा विभिन्न वैश्विक परिस्थितियों में हो रहे बदलाव के कारण भी भारत के घरेलू बाजार में आर्थिक तरलता में बढ़ोतरी आवश्यक थी, जिसे राजग सरकार ने समय रहते ही भांप लिया और उन अप्रत्याशित वैश्विक कदमों से निपटने के लिए सरकार का एक महत्त्वपूर्ण कदम समझा जा सकता है।

# स्त्रियों के प्रति रुढ़िवादी मानसिकता देश के हित में नहीं

संजीव ठाकुर

बालिकाओं और स्त्रियों को केवल दया का पात्र समझकर उन्हें घर की चारदीवारी में ना रखें अब समय आ गया है कि बालिकाओं को प्रारंभ से और स्त्रियों को उचित मार्गदर्शन ,प्रोत्साहन देकर परिवार समाज और राष्ट्रीय सहभागिता की मुख्यधारा में उत्तरोत्तर सहभागी बनाना चाहिए आज स्त्री के संदर्भ में सारी पुरातन अवधारणाओं को बदलने का समय आ गया है ।नारी अब घर में पूज्या तो है ही साथ ही वह समाज में अपनी अहमियत की दस्तक देकर देश की सीमा सुरक्षा में भी अपना योगदान दे रही है। राष्ट्र निर्माण में नारी की शिक्षा एवं उनकी सहभागिता भारत का शक्तिशाली भविष्य है, अतः नारी की शिक्षा देश के लिए अति महत्वपूर्ण मुद्दा बन गई हैह्न वह समय चला गया जब किसी घर में कन्या के पैदा होने से पूरे परिवार में मातम छा जाता था अब भारत में धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश में लिंग भेद बदलने लगा है स्थिति यह है कि शिक्षित परिवार केवल एक संतान ही पैदा करना चाहती है चाहे वह कन्या हो या बेटा। अब परिवार में कन्या पैदा होने से खुशियां मनाई जाती है और पुरातन सोच अब धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश को मस्तिष्क के मूल्यांकन के साथ बदलते जा रही है। पुरुष प्रधान समाज में नारी को पूज्या कह कर बहला दिया जाता था और उसे घर की चहारदीवारी में सीमित कर दिया गया था। यही कारण था कि वे पुरुषों की बराबरी मैं ना आकर बहुत पिछड़ गई और देश की समग्र विकास की स्थिति एकांगी हो गई थी। समाज यह भूल गया था कि जिन हाथों में कोमल चूड़ियां पहनी जाती हैं वही हाथ तलवार भी उठा कर युद्ध में एक वीरांगना की भूमिका निभाती है, इसकी सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रजिया बेगम और रानी लक्ष्मीबाई रही हैं। मनुस्मृति पर यदि आप नजर डालेंगे तो पाएंगे कि उसमें स्पष्ट कहा गया है कि जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवताओं का वास होता है। प्राचीन भारत में नारी शिक्षा का काफी प्रचार प्रसार किया गया था इसके कई प्रमाण भी हैं कि वेद की रिचाओं का ज्ञान नारियों को था इसमें कुछ महत्वपूर्ण नारियां समाज के लिए एक उदाहरण बन गई थी उनमें मैत्री, गार्गी, अनुसूया, सावित्री, आदि उल्लेखनीय हैं। वैदिक काल के विद्वान मुंडन मिश्र की पत्नी उदय भारती ने प्रकांड पंडित विश्व विजयी आदि शंकराचार्य को भी शास्त्रार्थ में भरी सभा में पराजित किया था । इसीलिए वेदों और पुराणों में भी उल्लेखित है की बालिका शिक्षा समाज के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला होता है। नारी के उत्थान में कई कुप्रथा कुठाराघात करती रही हैं, जो नारी के विकास में बाधा बनकर सामने आई थी इनमें बाल विवाह सबसे बड़ा अवरोध बना था और इसी का प्रतिफल है कि नारी पुरुष के समाज में काफी पिछड़ गई थी। महादेवी वर्मा ने नारी शिक्षा को पुरुष शिक्षा से ज्यादा महत्वपूर्ण बताया था उन्होंने कहा था स्त्री को शिक्षित बनाना एक पुरुष को शिक्षित बनाने से ज्यादा आवश्यक और महत्वपूर्ण है यदि एक पुरुष शिक्षित -प्रशिक्षित होता है तो उससे एक ही व्यक्ति को लाभ होता है किंतु यदि स्त्री शिक्षित होती है तो उससे संपूर्ण परिवार शिक्षित हो जाता है. उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण बात कही नारी को अशिक्षित रखना समाज के लिए अपराध के समान है। समय के परिवर्तन के साथ साथ नारी का महत्व अब पूरे तौर पर समझा जा रहा है आज समाज तथा देश में नारियां सर्वोत्कृष्ट कार्य कर रही है। समाज हो या विज्ञान या राजनीति अथवा समाज सेवा संपूर्ण क्षेत्र में आज नारियां पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर सर्वश्रेष्ठ कार्य कर रही है। मैडम क्यूरी, कल्पना चावला, इंदिरा गांधी, श्रीमति भंडार नायके, सरोजनी नायडू, कस्तूरबा गांधी जैसी महिलाएं राष्ट्र का मार्गदर्शन करने का काम करती रही है।

# लाडली बहना योजना के लिए चौंकाने वाली खबर

**लाडली बहन योजना में 2.5 लाख रुपये से अधिक आय वाले परिवार बाहर होंगे**

- योजना में महिलाओं को 1,500 रुपये प्रति माह की वित्तीय सहायता मिलती है
- आवेदनों की जांच में 5 लाख महिलाओं के नाम योजना से बाहर किए गए




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र मेंलाडली बहन योजना की महिला लाभार्थियों की संख्या में और कमी आने की संभावना है। 2.5 लाख रुपये से अधिक आय वाले परिवारों की महिलाओं को अब इस योजना से बाहर रखा जाएगा। आय की जानकारी के लिए आयकर विभाग की भी मदद ली जाएगी। तो यह हमारी लाडली बहनों के लिए चौंकाने वाली खबर है। महाराष्ट्र में लगभग 2 करोड़ महिलाओं को मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना का लाभ मिल रहा है। उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने पिछले साल बजट सत्र में इस योजना की घोषणा की थी। जब उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में महायुति सरकार थी। इस योजना की घोषणा विधानसभा चुनाव से 6 महीने पहले की गई थी। राज्य भर में महिलाओं ने इस योजना के प्रति उत्साहपूर्वक प्रतिक्रिया व्यक्त की।इस योजना के तहत 2.5 लाख रुपये से कम आय वाले परिवारों की महिलाओं को राज्य सरकार की ओर से 1,500 रुपये प्रति माह की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। महायुति सरकार की यह योजना राज्य के गरीब परिवारों के लिए काफी मददगार साबित हुई। इसलिए खुश होकर लाडली बहनों ने विधानसभा चुनाव में महायुति को पुनः निर्वाचित किया। इसके बाद अब लाडली बहन योजना से लाभान्वित होने वाली महिलाओं की संख्या कम की जा रही है।

# अजित पवार की बिगड़ी तबीयत, सभी तय कार्यक्रम रद्द, देवेंद्र फडणवीस ने फोन कर हाल जाना

**महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की तबीयत बिगड़ गई है। स्वास्थ्य ठीक नहीं होने की वजह से उनके सोमवार के सभी निर्धारित कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं। उन्हें आज पुणे में कई कार्यक्रमों में शामिल होना था, लेकिन स्वास्थ्य कारणों से वे इनमें शामिल हो पाएंगे।**



- अजित पवार की तबीयत बिगड़ी, सभी कार्यक्रम रद्द किए
- मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पवार का हालचाल जाना
- अजित पवार ने गुइलेन-बैरे सिंड्रोम पर दी चेतावनी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की तबीयत बिगड़ गई है। स्वास्थ्य ठीक नहीं होने की वजह से उनके सोमवार के सभी निर्धारित कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं। उन्हें आज पुणे में कई कार्यक्रमों में शामिल होना था, लेकिन स्वास्थ्य कारणों से वे इनमें शामिल हो पाएंगे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अजित पवार को फोन कर उनका हालचाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

दरअसल अजित पवार ने नाशिक में अपने भाषण में कहा था कि उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं है। इसके बाद उन्होंने नाशिक में अपने सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए और पुणे आ गए। लेकिन रात में उपचार मिलने के बाद भी उन्हें कोई आराम नहीं मिला। इसलिए उन्होंने आज (सोमवार) के सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं। इसके बाद वे मुंबई के लिए रवाना हो गए। इससे पहले रविवार को अजित पवार ने लोगों से अपील की थी कि वे 'गुइलेन-बैरे सिंड्रोम' (जीबीएस) के हालिया मामलों के मद्देनजर एहतियात के तौर पर अधपका चिकन खाने से बचें।पुणे में क्या बोले अजित पवारउन्होंने पुणे में पत्रकारों से बातचीत के दौरान इस बीमारी के मुर्गी पालन से जुड़ी चिंताओं को हल किया और स्पष्ट किया कि मुर्गियों को मारने की कोई जरूरत नहीं है। यह भी कहा था कि बीते दिनों खड़कवासला बांध क्षेत्र (पुणे) में जीबीएस प्रकोप की सूचना मिली थी। कुछ ने इसे पानी की अशुद्धता से जोड़ा, जबकि दूसरों ने अनुमान लगाया कि यह चिकन खाने की वजह से हुआ था।181 मरीजों में जीबीएस की पुष्टिजानकारी के अनुसार, महाराष्ट्र में गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) के मामलों में कमी आई है। अब तक 181 मरीजों में जीबीएस की पुष्टि हुई है। इसके अलावा 27 मामले संदिग्ध मिले हैं। वहीं, अब तक चार मरीजों की जीबीएस से मौत की पुष्टि हुई है और चार मरीजों की मौत का संदिग्ध कारण जीबीएस बताया जा रहा है।

# इतवारी-टुंडला-इतवारी कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन का संचालन

फास्ट ट्रैक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

जबलपुर। महाकुम्भ-2025 के अवसर पर यात्रियों की सुविधा एवं अतिरिक्त यात्री भीड़ को क्लीयर करने के उद्देश्य से रेल प्रशासन द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी जंक्शन-टुंडला-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी जंक्शन कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन 01-01 ट्रिप के लिए चलाई जा रही है। यह स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के दोनों दिशाओं में मदन महल, कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों से होकर गुजरेगी।

गाड़ी संख्या 08863 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी जंक्शन-टुंडला कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन दिनांक 20 फरवरी 2025 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी जंक्शन स्टेशन से सुबह 08:15 बजे प्रस्थान कर, मदन महल सायं 18:00 बजे, कटनी रात 19:55 बजे, मैहर 21:20 बजे, सतना रात 22:10 बजे एवं अगले दिन प्रयागराज छिवकी मध्य रात्रि 02:05 बजे और सुबह 09:30 बजे टुंडला स्टेशन पहुंचेगी।

गाड़ी संख्या 08864 टुंडला-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी जंक्शन कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन दिनांक 21 फरवरी 2025 को टुंडला स्टेशन से सुबह 11:30 बजे प्रस्थान कर, प्रयागराज छिवकी सायं 18:50 बजे, सतना रात्रि 23:40 बजे एवं अगले दिन मैहर मध्य रात्रि 00:10 बजे, कटनी 01:25 बजे, मदन महल 03:30 बजे और सुबह 11:00 बजे नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी जंक्शन स्टेशन पहुंचेगी।

ठहरावः- भंडारा रोड, तुमसर रोड, गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर, मदन महल, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, फतेहपुर, गोविंदपुरी और इटावा।

संरचनाः- 1 वातानुकूलित 2-टियर, 2 वातानुकूलित 3-टियर, 10 शयनयान श्रेणी, 3 सामान्य द्वितीय श्रेणी और 2 सामान्य द्वितीय श्रेणी सह गार्ड ब्रेक वैन।

यात्री मेला स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी रेल मदद 139 अथवा एनटीईएस ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त कर सकते है।

# सोने से लदे, रिवॉल्वर लहराकर वेडिंग फंग्शन में मैं हूं डॉन पर डांस, ठाणे में बीजेपी पदाधिकारी के खिलाफ एफआईआर

- भाजपा नेता चिंतामन लोखंडे का वीडियो हुआ वायरल
- नृत्य के दौरान लहराई गई रिवॉल्वर ने मचाया हड़कंप
- पुलिस ने लोखंडे और उनके भाई के खिलाफ दर्ज की एफआईआर
- चिंतामन लोखंडे के खिलाफ एफआईआर



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र के ठाणे जिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पदाधिकारी चिंतामन लोखंडे और उसके भाई के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामला उनके वायरल वीडियो का है। एक विवाह पूर्व समारोह में नृत्य करते समय चिंतामन ने रिवॉल्वर लहराई। आरोप है की लोडेड पिस्तौल को लेकर उन्होंने भीड़ के बीच जमकर डांस किया।

खड़कपाड़ा पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक डॉ. अमरनाथ वाघमोड़े ने बताया कि नृत्य का वीडियो सोशल मीडिया पर आने के बाद पुलिस ने कल्याण में व्यवसायी और भाजपा के अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष चिंतामन लोखंडे और उनके भाई के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

मैं हूं डॉन पर कर रहे थे डांस

पुलिस के अनुसार चिंतामन लोखंडे ने कल्याण के उम्बर्डे गांव में अपनी बहन की शादी से पहले के समारोह में नाचते समय कथित तौर पर रिवॉल्वर लहराई थी।

वीडियो में लोखंडे एक गाने 'अरे दीवानों मुझे पहचानो, कहां से आया, मैं हू कौन... मैं हू डॉन, मैं हूं डॉन... पर नाचते दिख रहे हैं। इसी दौरान वह अचानक रिवॉल्वर निकालकर हवा में लहराते हुए दिखते हैं, जिससे मौके पर मौजूद लोग हैरान रह जाते हैं।

गोल्डन मैन बने नजर आए

वीडियो में दिख रहा है कि चिंतामन लोखंडे सफेद रंग के पकड़े पहने हैं। इसके अलावा गले में भारी-भारी सोने की चेन और हाथों में अंगूठियां हैं। कलाईयों में मोटे-मोटे ब्रेसलेड पहने हैं। वह गोल्डन मैन जैसे दिख रहे हैं। वह मैं हूं डॉन पर खूब डांस कर रहे हैं।

यूट्यूब पर हुआ था सीधा प्रासरण

इस कार्यक्रम का यूट्यूब पर सीधा प्रसारण किया गया। बाद में इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। कल्याण के डीसीपी अतुल जेंडे ने मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह चौंकाने वाली बात है कि सुरक्षा के लिए ली गई रिवॉल्वर का इस्तेमाल एक शो के लिए किया जा रहा है। अधिकारी ने बताया कि शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज मामले की जांच चल रही है।

# एकनाथ शिंदे ने देवेंद्र फडणवीस के फैसले के खिलाफ उठाया नया कदम... महायुति सरकार में नए विवाद का संकेत!

- एकनाथ शिंदे ने बनाया उप मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता सेल
- पहले से चल रहा मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता सेल



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई : मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा मुख्यमंत्री चिकित्सा राहत कोष (सीएमआरएफ) सेल का कार्यभार संभालने के बाद उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मंत्रालय में स्थित अपने स्वयं के उप मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता सेल की स्थापना की है। यह पहली बार है जब किसी उप मुख्यमंत्री ने एक चिकित्सा सहायता सेल की स्थापना की है, जबकि मुख्यमंत्री राहत कोष सेल पहले से ही मौजूद है। महायुति सरकार में एकनाथ शिंदे के नाराजगी के बीच उनका अलग अपना मेडिकल सेल बनाना सवाल उठाने लगा है। उनके नाराज होने और सरकार से अलग चलने की अटकलें और तेज हो गई हैं।

### फडणवीस ने हटाया, शिंदे ने अपने सेल का बनाया हेड

मुख्यमंत्री फडणवीस ने डॉ. रामेश्वर नाईक को अपने सीएमआरएफ सेल का प्रमुख नियुक्त किया और मुख्यमंत्री बनने के बाद मौजूदा प्रमुख मंगेश चिवटे को हटा दिया। चिवटे शिंदे के करीबी विश्वासपात्र हैं, जो शिंदे के मुख्यमंत्री रहते हुए सेल का नेतृत्व कर रहे थे। अब चिवटे को उप मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता सेल का प्रमुख नियुक्त किया गया है।सीएम मेडिकल हेल्प सेल होने के बावजूद उप मुख्यमंत्री चिकित्सा राहत कोष खोलना और फडणवीस ने जिसे सेल से हटाया उन्हें अपने सेल का हेड बनाना साफ बता रहा है कि फडणवीस और शिंदे के बीच सब ठीक नहीं है। एकनाथ शिंदे महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में जीत के बाद सीएम न बनाए जाने से लगातार नाराज चल रहे हैं। उसके बाद से एक के बाद एक ऐसे घटनाक्रम हो रहे हैं जिससे वह अपनी नाखुशी जता रहे हैं।

### हेल्थ डिपार्टमेंट से ही जुड़कर करेगा काम

शिंदे के कार्यकाल के दौरान सीएमआरएफ ने बड़ी लोकप्रियता हासिल की। चिवटे ने कहा कि यह सेल सीएमआरएफ में हस्तक्षेप नहीं कर रही है, बल्कि यह सीएमआरएफ के साथ समन्वय में काम करेगी। शिंदे के कार्यकाल के दौरान सिर्फ एक साल में 32,000 मरीजों को इस कोष से लाभ हुआ। मरीजों को 2024 में सीएमआरएफ से 267.50 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की गई। चिवटे ने कहा कि सीएम मेडिकल एड सेल सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग से संबद्ध होगा।इस सेल के माध्यम से राज्य की महत्वाकांक्षी योजना, महात्मा ज्योतिबा फुले जन आरोग्य योजना (एमजेपीएवाई) को अधिक प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा।

निःशुल्क रोगी देखभाल हर नागरिक का अधिकार है, जो कि डिप्टी सीएम शिंदे का लक्ष्य और उद्देश्य है। सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग का नेतृत्व शिवसेना मंत्री प्रकाश आबीटकर कर रहे हैं।

# भारतीय डाक ग्रामीण सेवक पद के लिए 3 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

नवी मुंबई , अधीक्षक डाकघर नवी मुंबई डिवीजन के अधिकार क्षेत्र के तहत 21 रिक्तियां भरी जाएंगी, इच्छुक उम्मीदवार 3 मार्च 2025 को या उससे पहले वेबसाइट https://indiapostgdsonline.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसकी जानकारी वरिष्ठ अधीक्षक डाकघर, नवी मुंबई ने दी है। भारतीय डाक विभाग ने ग्रामीण डाक सेवक पद के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया है। इस विज्ञापन के अनुसार अधीक्षक डाकघर नवी मुंबई डिवीजन के क्षेत्राधिकार में 21 रिक्तियां भरी जानी हैं। इसके लिए किसी भी माध्यम से प्राप्त आवेदन तथा व्यक्तिगत रूप से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। केवल निर्धारित तरीके से प्राप्त आवेदनों पर ही विचार किया जाएगा। साथ ही आवेदक को अधिसूचना में दिए गए निर्देशों के अनुसार शुल्क का भुगतान करना होगा।डाक विभाग उम्मीदवारों को किसी भी प्रकार की टेलीफोन/टूर कॉल नहीं करता है। अभ्यर्थियों से पत्राचार केवल संबंधित प्राधिकारी द्वारा ही किया जाता है। उम्मीदवारों को अपनी व्यक्तिगत जानकारी, पंजीकरण संख्या, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी दूसरों को नहीं बतानी चाहिए। किसी भी अनैतिक फोन/धोखाधड़ी कॉल से सावधान रहें। अधिक से अधिक इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट के माध्यम से अपना आवेदन पत्र भरें। अधिक जानकारी के लिए www. india-postgdsonline.gov.in पर जाएं। यह अपील नवी मुंबई डाकघर विभाग के वरिष्ठ अधीक्षक ने की है।



# पश्चिम रेलवे के रेल सुरक्षा बल ने कीमती सामान सहित छूटा बैग लौटाया

**लगभग 16 लाख रुपये मूल्य की कीमती वस्तुएं बरामद कर उनके असली मालिक को सौंप दी गईं**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई, पश्चिम रेलवे के रेल सुरक्षा बल कर्मियों ने अपनी ड्यूटी के दौरान 16 फरवरी, 2025 को बांद्रा टर्मिनस पर एक महत्वपूर्ण बरामदगी की। कीमती सामान से भरा एक छूटा हुआ बैग मिला, जिसे उचित जांच के बाद उसके असली मालिक को लौटा दिया गया। ड्यूटी पर तैनात सब इंस्पेक्टर श्री योगेश कुमार जानी और कांस्टेबल श्री हनुमान प्रसाद चौधरी को ट्रेन संख्या 12479, जोधपुर-बांद्रा टर्मिनस सूर्यनगरी सुपरफास्ट एक्सप्रेस के एसी कोच की सीट के नीचे किसी यात्री का छूटा हुआ एक बैग मिला था। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, किसी यात्री के छूटे हुए बैग को आरपीएफ पोस्ट में लाया गया और अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति में खोला गया, जिसमें एक मोबाइल फोन, कपड़े और कीमती आभूषणों से भरा एक पॉलीथीन बैग मिला। आरपीएफ कर्मियों ने बैग को पोस्ट में लाकर इसकी सामग्री का दस्तावेजीकरण किया और बांद्रा टर्मिनस में संबंधित आरपीएफ अधिकारियों को सूचित किया। कोलाबा निवासी श्री शैलेश गणेश माली अपने खोए हुए बैग के बारे में पूछताछ करने आए। उन्होंने अपनी यात्रा का विवरण दिया और बताया यानी उन्होंने अपने 2 बच्चों और कई बैगों के साथ ट्रेन संख्या 12479 में जोधपुर से बांद्रा टर्मिनस की यात्रा की थी। घर पहुंचने के बाद उन्हें पता चला कि उनका एक बैग गायब है। श्री माली ने गुम हुए बैग की रिपोर्ट करने के लिए 139 पर संपर्क किया। यात्री श्री शैलेश गणेश माली ने अपना बैग पहचाना, जिसे उनकी मौजूदगी में खोला गया और जांच की गई, जिसमें मोबाइल फोन, बच्चों के कपड़े, सोने के गहने (मंगलसूत्र, चूड़ियाँ, बाजूबंद, बाली, अंगूठी और नाक की पिन) सहित कुल 15.83 लाख रुपये की कीमती वस्तुएँ मिलीं। बैग और सभी सामान सुरक्षित रूप से श्री माली को लौटा दिए गए, जिन्होंने आरपीएफ बांद्रा टर्मिनस और उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए हेल्पलाइन का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# लोनावाला के पास केबल ब्रिज निर्माण में देरी, मुंबई-पुणे मिसिंग लिंक प्रॉजेक्ट की डेडलाइन फिर बढ़ी

- मुंबई-पुणे मिसिंग लिंक प्रॉजेक्ट की नई डेडलाइन को अगस्त 2025 तक बढ़ा दिया गया है। लोनावाला के पास बन रहे केबल ब्रिज के निर्माण में हो रही देरी के कारण प्रॉजेक्ट की डेडलाइन बार-बार बढ़ाई जा रही है। 13.3 किमी लंबा मार्ग तैयार करने के बावजूद ब्रिज के जटिल काम के कारण देरी हो रही है।



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई : मुंबई से पुणे की दूरी कम करने वाले मुंबई-पुणे मिसिंग लिंक प्रॉजेक्ट को एक बार फिर नई डेडलाइन मिल गई है। प्रशासन ने प्रॉजेक्ट को पूरा करने की नई अवधि अगस्त 2025 तय की है। प्रॉजेक्ट का 92 प्रतिशत काम पूरा होने के बावजूद लोनावाला के करीब बन रहे केबल ब्रिज के निर्माण में हो रही देरी के कारण एक बार प्रॉजेक्ट की डेडलाइन बढ़ाई गई है। इससे पहले प्रॉजेक्ट की डेडलाइन मार्च 2024 रखी गई थी। 13.3 किमी लंबा मार्ग तैयार करने की डेडलाइन कई बार बढ़ाई जा चुकी है।

**पश्चिम रेलवे**

**विभिन्न कार्य**

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, 6ठी मंजिल, अभियांत्रिकी विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400 008 द्वारा **ई-निविदा सूचना क्र. : बीसीटी/24-25/286, दि. 14.02.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य एवं स्थान** : विरार – जोरावासन अनुभाग : वरि. डीईएन/उत्तर के क्षेत्राधिकार में दो वर्षों हेतु मलबे, घास इत्यादि के निष्कासन और कूड़ा-कचरा बीनने का कार्य. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 77,93,577.48. **ईएमडी** : रु. 155900/-. **जमा करने की तिथि एवं समय** : 11.03.2025 को 15.00 बजे तक, खुलने की तिथि एवं समय : 11.03.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 1091

Like us on: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**विद्युत कार्य**

वरि. डीईई/पी/बीसीटी द्वारा **निविदा क्र. : ईएल-81-901-डब्ल्यूए-79, दि. 14.02.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य एवं स्थान** : मुंबई मंडल – आईआर-एनआईवाईएएनटीआरएसी पोर्टल (फेज-II) के साथ एकीकरण और लिफ्ट्स और एस्केलेटर्स, स्ट्रीट लाइटिंग सर्किट्स, प्लेटफॉर्म्स पर 30% - 70% लाइटिंग, पंप्स के ऑटोमैशन सहित पंप्स के वेब-आधारित मॉनिटरिंग (आईओटी) और कंट्रोल्स का प्रावधान. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 9,21,55,394.58. **ईएमडी** : रु. 6,10,800/-. **जमा करने की तिथि एवं समय** : 18.03.2025, 15.00 बजे तक. **खुलने की तिथि एवं समय** : 18.03.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 1092

Like us on: facebook.com/WesternRly

# छत से घुसे चोर, दुकान से उड़ाए 1.10 लाख कैश

**सामान लेकर भी फरार हुए, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात; पुलिस जांच में जुटी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सरधना, मार्ग पर गांव मीरपुर में एक परचून की दुकान से चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोर छत के रास्ते दुकान में घुसे और नकदी समेत सामान चुराकर फरार हो गए। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना की जानकारी देते हुए दुकान मालिक मनीष पुत्र यशपाल, जो गांव भदौड़ा का निवासी है, ने बताया कि चोरों ने उनकी दुकान से 1.10 लाख रुपये की नकदी के साथ-साथ दुकान में रखा हुआ सामान भी चुरा लिया। उन्होंने बताया कि चोरों ने छत के रास्ते दुकान में प्रवेश किया और वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित ने रोहटा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। थाना प्रभारी नीरज बघेल ने बताया कि मामले में तहरीर प्राप्त हो गई है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान की जा रही है और जल्द ही उन्हें पकड़ने का प्रयास किया जाएगा।



# नवी मुंबई मनपा में ठेका श्रमिकों की वेतन संबंधी समस्या का समाधान जल्द - श्रम मंत्री आकाश फुंडकर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



नवी मुंबई , नवी मुंबई मनपा में ठेका कर्मचारियों के वेतन का मामला जल्द सुलझेगा। श्रम मंत्री आकाश फुंडकर ने कहा कि नवी मुंबई मनपा आयुक्त को कार्रवाई करनी चाहिए और अनुबंध श्रमिकों के मुद्दे को जल्द ही हल करना चाहिए।

नवी मुंबई मनपा के 8000 ठेका सफाई कर्मचारियों और दैनिक वेतन के आधार पर काम करने वाले 1008 कर्मचारियों के वेतन को लेकर श्रम मंत्री के कक्ष में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पूर्व सांसद और श्रमिक संघ के अध्यक्ष डॉ संजीव नाइक, श्रम विभाग के प्रमुख सचिव आईए कुंदन, नवी मुंबई नगर मनपा के आयुक्त डॉ कैलास शिंदे, श्रम विभाग के अधिकारी, विभिन्न श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। नवी मुंबई मनपा के कर्मचारियों के वेतन को लेकर मनपा आयुक्त स्तर पर एक समिति का गठन किया गया है। इस कमेटी की रिपोर्ट जल्द ही मनपा को सौंपी जाएगी। मंत्री फुंडकर ने यह भी कहा कि इस समिति की रिपोर्ट के बाद ठेका श्रमिकों के वेतन का मामला स्थायी रूप से सुलझ जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि चूंकि संविदा कर्मियों के वेतन का मुद्दा उस महानगर की वित्तीय स्थिति से जुड़ा है, इसलिए आयुक्त को कर्मियों के वेतन संबंधी मुद्दों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करना चाहिए।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**(जल अभियंता का विभाग)**

**ई-निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| निविदा दस्तावेज क्र. | 2025_एमसीजीएम_1151105 |
| संगठन का नाम | बृहन्मुंबई महानगरपालिका |
| विषय | एईओसी (टीएम) डिवीजन अंतर्गत सिविल कार्यों के साथ-साथ पवारवाडी घाट, पवई झील स्थित मीटर केबिन की यांत्रिक एवं विद्युत मरम्मत कार्य. |
| जांच शुल्क | (रु. 1320/- प्लस जीएसटी @ 18%) ऑनलाइन महाटेंडर पोर्टल के जरिए जमा करना होगा. |
| ई-निविदा का शुल्क (अनुमानित लागत) | रु. 5,89,665.93 (18% जीएसटी सहित) |
| बोली सुरक्षा जमाराशि/ईएमडी | रु. 5,900.00, ऑनलाइन महाटेंडर पोर्टल के जरिए जमा करना होगा. |
| निविदा जारी करने तथा बिक्री की तिथि | 18.02.2025 को 11.00 बजे से |
| निविदा बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय | 28.02.2025 को 16.00 बजे तक |
| लिफाफा ए, बी और लिफाफा सी जमा करना (ऑनलाइन) | 28.02.2025 को 16.00 बजे तक |
| लिफाफा ए का खुलना | 03.03.2025 को 16.00 बजे के पश्चात |
| लिफाफा बी का खुलना | 03.03.2025 को 16.05 बजे के पश्चात |
| लिफाफा सी का खुलना | 06.03.2025 को 15.00 बजे के पश्चात |
| पत्राचार हेतु पता | कार्यालयः डिवाई. एचई (मेंटे.) का बीएमसी वॉटर वर्क्स यार्ड, एलबीएस मार्ग, घाटकोपर (प), मुंबई – 400 086 |
| बोली खुलने का स्थान | ईई (एचडब्ल्यू) डब्ल्यूडब्ल्यू के कार्यालय में ऑनलाइन |

उक्त निविदा दस्तावेज अहस्तांतरणीय हैं.

एमसीजीएम के पास बिना कोई कारण दर्शाए उपरोक्त विषय हेतु प्राप्त किसी भी अथवा सभी आवेदन को निरस्त करने अथवा किसी भी आवेदन को स्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है.

हस्ता./-
कार्यकारी अभियंता
(हेड वर्क्स) वॉटर वर्क्स

पीआरओ/2569/विज्ञा./2024-25

जहां तक संभव हो, घर पर तैयार और ताजे खाद्य पदार्थों का ही सेवन करें.

# गौ-माता भारतीय धर्म संस्कृति की धरोहर है, इसकी दुर्दशा रोकना हमारा कर्तव्य है- स्वामी अरुणानंद महाराज

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



उल्हासनगर. विश्व हिंदू संत परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी अरुणानंद महाराज जी ने गौ-संरक्षण और गौ-दुर्दशा पर रोक लगाने पर बल देते हुए कहा कि धर्मशास्त्रों के अनुसार 33 करोड़ देवी-देवताओं का गौमाता में वास है। सनातन धर्म-संस्कृति में गौमाता का विशेष महत्व है। लेकिन हम देखते हैं कि कुछ अधार्मिक प्रवृत्ति के लोग आज भी बड़ी ही निर्दयता से गौमाता का शोषण करते हैं। व्यापारिक दृष्टिकोण और गौभक्षण के लिए गौमाता को कई जगह काटा जा रहा है। ऐसे अमानुषिक कुकृत्य की हम घोर निंदा करते हैं। गौमाता हमारी माता है इसका संरक्षण और पालन पोषण करना हमारा कर्तव्य है। विश्व हिंदू संत परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी अरुणानंद महाराज जी ने बातचीत में कहा कि यदि हम अपनी मां को लावारिस सड़कों पर छुट्टा छोड़ देंगे, तो कोई भी व्यक्ति उसपर अत्याचार करेगा जिसका पाप हम पर भी पड़ेगा। अतः हमें गौमाता की रक्षा और संरक्षण करना चाहिए ।स्वामीजी ने कहा कि हमारे पूर्वज गौमाता को परिवार का सदस्य समझते थे। गौदान का विशेष महत्व था। ब्राह्मणों को दक्षिणा के तौर पर गौदान किया जाता था। यद्यपि आज शहरीकरण के प्रसार से प्रत्येक व्यक्ति द्वारा गौ-पालन संभव नहीं लेकिन हम गौ-संरक्षण के लिए अपनी सोसायटी के माध्यम से उनके आवास की व्यवस्था कर सकते हैं।

# कीटनाशक का मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव रोकने का विशेष प्रशिक्षण और कारवाई के संकेत

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




ठाणे , कीटनाशकों के रख-रखाव, भंडारण और छिड़काव के दौरान किसानों द्वारा विशेष देखभाल करने के लिए, पंचायत समिति, कल्याण में प्रशिक्षण दिया गया। जिला परिषद के कृषि विभाग और कंपनी कृषि रसायन एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से कीटनाशक विक्रेताओं द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कृषि अधिकारी बाबासाहब शिंदे ने कीट एवं रोगों की व्यापकता के अनुसार छिड़काव करने के निर्देश दिये। कृषि विकास अधिकारी एम एम बाकोटीकर ने जैविक कीटनाशकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विभिन्न प्रकार के खाद्यान्नों, सब्जियों की फसलों, फलों की फसलों में पाए जाने वाले कीटनाशकों के स्तर के बारे में जानकारी दी गई और मानव स्वास्थ्य पर उनके प्रभाव के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। इसमें चेतावनी दी गई है कि अगर ऐसे विक्रेता कीट नियंत्रण के लिए कृषि दवाएं बेच रहे हैं तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम में कंपनी द्वारा छिड़काव किट वितरित किये गये तथा कृषि विकास अधिकारी ने कंपनी को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इस प्रशिक्षण में जिले के कीटनाशक विक्रेता, किसान, कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और कंपनी के अधिकारियों के साथ-साथ समूह विकास अधिकारी संजय भोये, कृषि विकास अधिकारी एम एम बाकोटिकर, सहायक समूह विकास अधिकारी रघुनाथ गवारी, तालुका स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भरत मसाल, डॉ. विनोद जगदाले, अभियान अधिकारी महेश बनकर एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे। डॉ विनोद जगदाले ने कीटनाशकों, कवकनाशी, शाकनाशी आदि के प्रकार, इनका भंडारण कैसे करें, छिड़काव करते समय क्या सावधानी बरतनी चाहिए तथा छिड़काव करते समय छिड़काव किट के उपयोग पर जोर देना चाहिए आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही जहर खाने के बाद क्या सावधानी बरतनी चाहिए, इसके बारे में भी विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। अभियान अधिकारी महेश बनकर ने रासायनिक कीटनाशकों के स्थान पर जैविक कीटनाशकों के प्रयोग पर जोर देने की अपील की। किसानों को मृदा जीवाणुओं के संरक्षण के बारे में भी जानकारी दी गई। ठाणे जिला एग्रो डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष समीर ठाकरे ने कहा कि किसानों को कीटनाशक बेचते समय कीटों और बीमारियों का उचित मार्गदर्शन करने के बाद ही कीटनाशकों का छिड़काव करना चाहिए। यह सुझाव दिया गया कि ऐसी कार्यशालाएँ तालुका और ग्राम स्तर पर आयोजित की जानी चाहिए। कार्यशाला का संचालन कृषि पदाधिकारी दिनेश घोलप ने किया जबकि कार्यक्रम का परिचय कृषि पदाधिकारी बृहस्पति जाविर ने दिया।

फास्ट ट्रैक

# शौचालय हमेशा रहता है बंद

## महिलाओं की सुविधा के लिए बना, सभासद ने की कार्रवाई की मांग




तिलहर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन के तहत लाखों रुपए की लागत से बनाए गए पिंक शौचालय की स्थिति चिंताजनक है। ब्लॉक मुख्यालय के सामने और नगर पालिका कम्युनिटी भवन के पास स्थित इस शौचालय पर हमेशा ताला लटका रहता है, जिससे गांव-देहात से आने वाली महिलाओं को शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है। वार्ड नंबर 23 की महिला सभासद अजमा शाहीन ने इस मामले में कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष हाजरा बेगम और अधिशासी अधिकारी कल्पना शर्मा से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। यह स्थिति तब है जब विधानसभा और नगर पालिका स्तर पर महिलाएं नेतृत्व कर रही हैं। महिला सभासद ने महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए न केवल शौचालय का ताला खुलवाने की मांग की है, बल्कि इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की है। यह शौचालय जो महिलाओं की सुविधा के लिए बनाया गया था, अब उपयोग न होने के कारण 'पिंक हाथी' में तब्दील होता जा रहा है।

# उल्हासनगर के रिजेंसी एंटीलिया में महाशिवरात्रि महोत्सव एवं रुद्राभिषेक महायज्ञ का भव्य आयोजन

## स्वामी अरुणानंद महाराज जी के सानिध्य में 17 से 26 फरवरी तक यह धार्मिक अनुष्ठान चलेगा।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



उल्हासनगर. देवों के देव महादेव को समर्पित महाशिवरात्रि का पर्व आगामी 26 फरवरी को मनाया जाएगा। इस पर्व के परिदृश्य में उल्हासनगर के रिजेंसी एंटीलिया मैदान में विश्व हिंदू संत परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी अरुणानंद महाराज जी के सानिध्य में 17 फरवरी से 26 फरवरी महाशिवरात्रि पर्व तक चलने वाले महाशिवरात्रि महोत्सव एवं रुद्राभिषेक महायज्ञ का भव्य आयोजन प्रारंभ हो चुका है। सोमवार को कलश यात्रा के साथ महोत्सव की भव्य शुरूआत हुई। इस आयोजन के माध्यम से 11 लाख पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण और रुद्राभिषेक महायज्ञ का आयोजन हो रहा है। स्वामी अरुणानंद महाराज जी ने बताया कि रुद्राभिषेक महायज्ञ भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए किया जाने वाला धार्मिक अनुष्ठान है। रुद्राभिषेक से मानसिक तनाव और चिंता में कमी आती है। कालसर्प योग खत्म होता है। गृहकलेश टोना टोटके बेअसर होते हैं। यह महायज्ञ श्रद्धालुओं को गहन आध्यात्मिक अनुभव और शांति प्रदान करेगा। इस आयोजन में श्री गणेश पूजन और महाप्रसाद भंडारे का भी भव्य आयोजन किया जाएगा। 18 फरवरी से 25 फरवरी तक प्रतिदिन पाठ पूजन, पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रुद्राभिषेक यज्ञ और महाआरती जैसे धार्मिक अनुष्ठान होंगे। श्रद्धालुओं के लिए रासलीला का भी आयोजन किया जाएगा। 26 फरवरी महाशिवरात्रि को सहस्त्रधारा अभिषेक और महाआरती के साथ महोत्सव का समापन होगा।

# नाबालिग अपहरण मामले में सवर्ण आर्मी का विरोध

## रायबरेली कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, पुलिस पर कार्रवाई का आरोप; आंदोलन की चेतावनी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

रायबरेली, प्रतापगढ़ में एक नाबालिग सवर्ण लड़की के अपहरण मामले में पुलिस की कार्रवाई के विरोध में सवर्ण आर्मी के कार्यकर्ताओं ने रायबरेली जिला कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। सवर्ण आर्मी के जिला प्रमुख के अनुसार, प्रतापगढ़ के महेशगंज थाना क्षेत्र में एक दलित युवक द्वारा नाबालिग सवर्ण लड़की का अपहरण किया गया था। पीड़िता के परिजनों द्वारा महेशगंज थाने में शिकायत दर्ज कराने के बावजूद पुलिस ने समय पर कार्रवाई नहीं की। इसके विरोध में सवर्ण आर्मी ने धरना-प्रदर्शन शुरू किया। बाद में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लड़की को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। हालांकि, पुलिस ने प्रदर्शनकारी सवर्ण आर्मी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया।

# छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाने को लेकर हिंदूवादी संगठनों ने इन्वेंशिया हेल्थकेयर कंपनी प्रशासन से मांग की

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अंबरनाथ. अंबरनाथ पूर्व के आनंद नगर स्थित एमआईडीसी औद्योगिक परिसर की इन्वेंशिया हेल्थकेयर कंपनी में छत्रपति शिवाजी महाराज और अन्य महापुरुषों की जयंती न मनाने का मामला संज्ञान में आने पर हिंदूवादी संगठनों विश्वहिंदू परिषद, बजरंग दल आदि ने सोमवार को इस संदर्भ में कंपनी प्रशासन से मांग की और उनसे निवेदन किया कि छत्रपति शिवाजी महाराज महाराष्ट्र के आराध्य देव हैं और हम सबके गौरव है, उनकी 19 फरवरी को होने वाली जयंती को कंपनी परिसर में मनाने की परंपरा प्रारंभ की जाय। हिंदूवादी संगठनों ने चिंता व्यक्त की है कि अभी तक शिवाजी जयंती और अन्य महापुरुषों की जयंती क्यों नहीं मनाई जाती है। कंपनी के पदाधिकारियों से बात करने के बाद विश्वहिंदू परिषद के पदाधिकारी सचिन घोड़े ने बताया कि महाराष्ट्र महान पुरुषों की जन्मस्थली रहा है, शिवाजी महाराज हम सबके आराध्य हैं। इन्वेंशिया कंपनी में अभी तक छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती नहीं मनाई जाती है। इस संदर्भ में बजरंग दल की टीम, शिवप्रतिष्ठान हिंदुस्तान की टीम, सहयाद्रि प्रतिष्ठान की टीम आदि के सदस्यों ने फैक्ट्री मैनेजमेंट के सदस्य अनिरुद्ध बरवे से मुलाकात कर इस संदर्भ में बात की। अनिरुद्ध बरवे ने आश्वासन दिया कि कम्पनी में आगामी 19 फरवरी को शिवाजी जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी

# जसराना में नशे के खिलाफ चलाया जागरूक अभियान

## जमाअत-ए-इस्लामी हिंद की पहल, 10 दिन चलेगा जागरूकता कार्यक्रम




तिलहर, मीरानपुर कटरा में जमाअत-ए-इस्लामी हिंद की ओर से एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। संगठन ने 'नशा मुक्त समाज संकल्प अभियान' की शुरूआत की है, जो 14 से 23 फरवरी तक चलेगा। मोहल्ला इस्लामनगर में आयोजित कार्यक्रम में जमाअत-ए-इस्लामी हिंद उत्तर प्रदेश (पश्चिम) की सेक्टर प्रभारी आरिफा खातून ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी तेजी से नशे की गिरफ्त में आ रही है, जो भविष्य के लिए खतरनाक संकेत है। आरिफा खातून ने बताया कि नशा न सिर्फ व्यक्तिगत जीवन को बर्बाद करता है, बल्कि पूरे परिवार और समाज पर इसका गहरा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर नशे पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो यह अपराध, स्वास्थ्य समस्याओं और आर्थिक तंगी जैसी गंभीर समस्याओं को जन्म देगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और एक स्वस्थ, सुरक्षित समाज का निर्माण करना है। कार्यक्रम में नगर के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं, जिन्हें विशेषज्ञ वक्ताओं ने नशा मुक्ति के विषय पर जागरूक किया।

# गांव गांव , घर घर अभियान पर निकले जिल पंचायत सदस्य सुरेन्द्र प्रताप सिंह



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रतापगढ़ ( उप्र ) मान्धाता तृतीय सीट जिला पंचायत सदस्य पद भावी प्रत्याशी सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने जनसंपर्क कार्यक्रम तेज कर दिया है आज ग्राम सभा उड़ी का डीह महडौर धाम पर पूजा अर्चना करने के पश्चात महाशिवरात्रि से पूर्व शिव मंदिर की रगाई पुताई के लिए सहयोग करने का विश्वास दिलाया, उडी का डीह निवासी प्रेम शंकर पाण्डेय के घर सुरेन्द्र प्रताप सिंह गये और प्रेम शंकर पाण्डेय की बिटिया के विवाह में ग्यारह हजार रुपए का सहयोग करते हुए विवाह के दिन अपनी टीम के साथ समर्पित रहने का विश्वास दिलाया, जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत सुरेन्द्र प्रताप सिंह बरिस्ता पूरे पाण्डेय निवासी वरिष्ठ समाजसेवी राम अभिलाष मिश्रा से आशीर्वाद लेने पहुंचे और आशीर्वाद बनाए रखने के लिए निवेदन किया। सुरेन्द्र प्रताप सिंह अपनी टीम के साथ पर्वतपुर युवा समाजसेवी विनय सिंह लंबरदार के आवास पर पहुंचे बातचीत और चर्चा करते हुए समर्थन की अपील की, पर्वतपुर के बाद सुरेन्द्र प्रताप सिंह रामगंज बाजार पहुंचे और बाजार में लोगों से मुलाकात की, दुकानदार से मिले और उनका कुशलक्षेम जाना, बलापुर प्रधान प्रतिनिधि और युवा समाजसेवी शशिकांत मिश्रा से मुलाकात कर युवा वर्ग से संबंधित तमाम विषयों पर चर्चा की, धनीपुर, बुजहा और टिकरी चौराहा पर लोगों से जनसंपर्क करते हुए सराय सुजान बार्डर भट्ट नगर पहुंचे और समाजसेवी राजेंद्र शर्मा , ओमप्रकाश शर्मा , श्रवण शर्मा लोगों से मुलाकात कर गांव समाज की समस्या और योजना को लेकर चर्चा की, इस जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान भारी संख्या में लोगों से मुलाकात कर सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने जनता के बीच अपनी बात रखी और समर्थन की अपील की, जनसंपर्क के दौरान लोगों ने सुरेन्द्र प्रताप सिंह की समाजसेवा की सराहना करते हुए कहा कि सुरेन्द्र प्रताप सिंह गांव समाज के बीच रहकर पले बढ़े हैं इन्हें गांव समाज और गरीब जरूरतमंद की समस्या की बाखूबी परख है, युवा वर्ग के साथ हमेशा रहे हैं और सामाजिक कार्यों को बढ़ावा दिया है ऐसे समाजसेवी सुरेन्द्र प्रताप सिंह की गांव समाज को जरूरत है जो जनता की समस्या को गंभीरता से सुनें और गंभीरता पूर्वक हल करे/ सुरेन्द्र प्रताप सिंह के साथ भारती संख्या में लोग शामिल थे।

# कार के आगे बाइक खड़ी करने पर दबंगों का हमला

- शाहजहांपुर में बिजली विभाग के कर्मचारी व भाई को बुरी तरह पीटा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, साधारण पार्किंग विवाद ने मारपीट का बड़ रूप ले लिया, जब कुछ दबंगों ने बिजली विभाग में कार्यरत एक कर्मचारी और उसके भाई पर जानलेवा हमला कर दिया। रोजा थाना क्षेत्र के निवासी राजीव सिंह, जो बिजली विभाग में लाइनमैन के पद पर कार्यरत हैं, अपने भाई के साथ बाइक से जा रहे थे। घटना बनतारा के पास हुई, जहां उन्होंने सड़क किनारे अपनी बाइक खड़ी की। वहां पहले से खड़ी एक कार के सवारों ने बाइक पार्क करने का विरोध किया और आरोप लगाया कि उन्होंने कार के सामने बाइक खड़ी कर दी है। इस मामूली विवाद ने तूल पकड़ लिया और कार सवारों ने अपने अन्य साथियों को बुला लिया। आरोपियों ने दोनों भाइयों पर सामूहिक हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। हमलावर घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए।

# बिजली के खंभे से गिरकर मजदूर की मौत

- शाहजहांपुर से 17 दिन पहले बाराबंकी काम करने गया था, मुआवजे की मांग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, बाराबंकी में शाहजहांपुर के 35 वर्षीय धर्मेंद्र की मौत हो गई। थाना निगोही क्षेत्र के उदरिया गांव निवासी धर्मेंद्र अपने भाई गोविंद के साथ 17 दिन पहले बाराबंकी में काम करने गए थे। थाना कुर्सी क्षेत्र के टिकैतगंज मार्केट में पीडब्ल्यूडी की ओर से चल रहे कार्य में बरेली के एक ठेकेदार के अधीन दोनों भाई काम कर रहे थे। मृतक के भाई गोविंद के अनुसार, सुपरवाइजर ने धर्मेंद्र को बिजली के खंभे पर चढ़ने के लिए मजबूर किया, जबकि उसे इस काम का पर्याप्त अनुभव नहीं था। जैसे ही धर्मेंद्र ने तार खोलने का प्रयास किया, खंभा गिर गया और वह उसके नीचे दब गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। धर्मेंद्र अपनी पत्नी माधुरी और बेटी का पालन-पोषण मेहनत-मजदूरी से करता था। परिवार ने ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है और बेटी की शादी के लिए 15 लाख रुपये के मुआवजे की मांग रखी है। ठेकेदार ने परिवार की मदद का आश्वासन दिया लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नही की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# कलान में चोरों का आतंक

## एक रात में दुकान से 30 पुराने टायर और 2 स्टेफनी चोरी, लोगों में दहशत

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




कलान, शाहजहांपुर के कलान नगर में चोरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा मामले में चोरों ने एक टायर पंचर की दुकान को निशाना बनाते हुए 30 पुराने टायर और दो स्टेफनी पर हाथ साफ कर दिया। घटना मुरादाबाद-फरुर्खाबाद रोड स्थित पाइप सेंटर कॉलोनी की है, जहां शिवनगर निवासी रामदेव शर्मा की टायर पंचर की दुकान है।

### दुकान से सामान की चोरी

रविवार की देर शाम दुकान बंद करने के बाद जब सोमवार सुबह रामदेव दुकान पहुंचे, तो देखकर दंग रह गए। चोरों ने उनकी दुकान से सामान चोरी कर लिया था। हैरानी की बात यह है कि पड़ोसी दुकानदार जो वहीं सो रहे थे, उन्हें भी चोरी की भनक तक नहीं लगी ।दहशत का माहौल

पिछले कुछ दिनों से नगर में चोरी की घटनाएं बढ़ने से स्थानीय निवासियों में दहशत का माहौल है। स्थिति यह है कि लोग रात भर जागकर अपनी सुरक्षा के लिए पहरा देने को मजबूर हैं। पीड़ित रामदेव शर्मा ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है और कार्रवाई की मांग की है।

# पुलिस की तत्परता से बची युवक की जान

## युवक ने मकान बंटवारे से परेशान होकर शेयर किया था आत्महत्या का पोस्ट

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, एक युवक की जान मेटा कंपनी की सतर्कता और पुलिस की त्वरित कार्रवाई से बच गई। मकान के बंटवारे में हिस्सा न मिलने से परेशान युवक ने सोशल मीडिया पर आत्महत्या से संबंधित पोस्ट शेयर कर दी थी। मेटा कंपनी से अलर्ट मिलते ही पुलिस विभाग की सर्विलांस टीम हरकत में आ गई। कंपनी ने पोस्ट करने वाली आईडी की लोकेशन भी शाहजहांपुर पुलिस के साथ साझा की। सर्विलांस टीम ने थाना सदर बाजार पुलिस को तुरंत सूचित किया। पुलिस ने लोकेशन के आधार पर मोहल्ला बारादरी से युवक को बरामद कर लिया। थाने लाकर युवक की काउंसलिंग की गई। पूछताछ में युवक ने बताया कि उसके भाई ने उसके साथ गाली-गलौज की। मकान में बंटवारे का हिस्सा भी नहीं दे रहे थे। जिससे निराश होकर उसने यह कदम उठाया। थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि युवक को समझा-बुझाकर और भविष्य में ऐसी हरकत न करने की हिदायत देकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। परिजनों ने पुलिस की इस कार्रवाई के लिए आभार व्यक्त किया है।

# बच्चों ने यमराज बनकर बिना हेलमेट वालों को दी सीख

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, सड़क सुरक्षा को लेकर एक अनूठी पहल की गई। जहां सहयोग संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने यमराज और चित्रगुप्त का किरदार निभाकर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। खिरनीबाग रामलीला मैदान के पास आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन सीडीओ अपराजिता सिंह ने किया। चिंताजनक आंकड़ों के अनुसार, शाहजहांपुर में पिछले एक वर्ष में सड़क दुर्घटनाओं में 400 से अधिक लोगों की मृत्यु हो चुकी है। सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। इस गंभीर स्थिति से निपटने के लिए, स्कूली बच्चों ने यमराज बनकर चौराहों पर बिना हेलमेट वाले दोपहिया वाहन चालकों को रोका। उन्हें चित्रगुप्त के पास ले जाकर उनका रजिस्टर दिखाया। इतना ही नहीं, टीम ने बिना हेलमेट वाले राहगीरों को हेलमेट भी वितरित किए। शाहनवाज खान ने बताया कि यातायात नियमों का पालन न केवल व्यक्तिगत सुरक्षा सुनिश्चित करता है। बल्कि पूरे परिवार की खुशियों को भी बनाए रखता है। कार्यक्रम में भाजपा की महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव, समाजसेवक विनय अग्रवाल और यातायात प्रभारी विनय कुमार पांडेय सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में भाग लेने वाले स्कूली बच्चों को मेडल और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**भारत संवाद परिवार**

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,

2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ

3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)

4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी

5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा

6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# नेतन्याहू ने ईरान के खिलाफ कार्रवाई की इच्छा जताई

## ट्रम्प से समर्थन मांगा; कहा- गाजा जंग के बाद 16 महीने में ईरान को झटका दिया

एजेंसी

तेल अवीव, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान के खिलाफ कार्रवाई करने की इच्छा जताई है।

उन्होंने रविवार को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। नेतन्याहू ने अपने बयान में ईरान समर्थित मिलिशिया हमास और हिजबुल्लाह के खिलाफ की गई कार्रवाई से ईरान के कमजोर होने की तरफ इशारा किया था। सीएनएन के मुताबिक अमेरिकी इंटेलिजेंस एजेंसियों ने ईरान पर इजराइल के हमले को लेकर बाइडेन और ट्रम्प के प्रशासन को चेतावनी दी थी।

इसमें इस साल के अंत तक ईरान के परमाणु प्रोग्राम से जुड़े ठिकानों पर इजराइल के हमले की आशंका जताई गई है। एजेंसियों के मुताबिक ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला करने से मिडिल-ईस्ट में बड़ी जंग शुरू होने का



खतरा है। इजराइल, ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई करना चाहता है। खुफिया रिपोर्ट में कहा गया है कि इजराइल अभी भी ईरान में सत्ता परिवर्तन करना चाहता है। वह सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामेनेई को सत्ता से हटाना चाहता है।

नेतन्याहू ने बताया कि इजराइल और अमेरिका इस बात पर सहमत हुए कि, ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामेनेई के पास परमाणु हथियार नहीं होने चाहिए। उन्होंने कहा कि ईरान के

> नेतन्याहू ने कहा- गाजा में जंग शुरू होने के बाद से पिछले 16 महीनों में इजराइल ने ईरान को एक बड़ा झटका दिया है। मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि डोनाल्ड ट्रम्प के समर्थन से हम यह काम पूरा कर सकते हैं और करेंगे।

खतरे का मुकाबला करने के लिए इजराइल और अमेरिका कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। दोनों नेताओं ने मिडिल ईस्ट में ईरान से अपनी आक्रामकता को कम करने के लिए कहा। अमेरिका ने इजराइल को 2000 पाउंड के एमके-84 बमों की खेप भेजी है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शपथ ग्रहण के 5 दिन बाद ही इजराइल को 2000 पाउंड वाले भारी बमों की सप्लाई पर लगी रोक को हटा दिया था। ट्रम्प के एक अधिकारी ने इजराइल को भारी बम भेजने की पुष्टि की थी। पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इजराइल-हमास जंग में मरने वाले लोगों की संख्या को कम करने के मकसद से इन बमों की सप्लाई पर रोक लगाई थी।

# अमेरिका से डिपोर्ट 112 भारतीयों का तीसरा बैच अमृतसर पहुंचा

## इनमें हरियाणा के 44, पंजाब के 33 लोग; अब तक 332 लोगों को लौटाया

एजेंसी

अमृतसर, अमेरिका में अवैध तरीके से रह रहे भारतीयों का तीसर बैच 16 फरवरी को रात 10 बजे अमृतसर एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। अमेरिकी एयरफोर्स के सी-17 अ ग्लोबमास्टर विमान में 112 लोगों आए हैं। इनमें हरियाणा के 44 और पंजाब के 33 लोग शामिल हैं। करीब 6 घंटे की पूछताछ के बाद ये लोग एयरपोर्ट से बाहर आए। हरियाणा के लोगों के लिए पुलिस के अधिकारी वॉल्वो बस लेकर पहुंचे। एयरपोर्ट पर अमृतसर की ऊउ साक्षी साहनी भी पहुंचीं। उन्होंने कहा कि सभी लोग शारीरिक रूप से तंदुरुस्त हैं। डिपोर्ट किए गए लोगों में कुछ बच्चे



भी शामिल हैं। बच्चों को डाइपर के साथ दूध उपलब्ध करवाया। बताया जा रहा है कि देश के 18 हजार लोगों को भारत भेजा जाएगा, जिनमें करीब 5 हजार लोग हरियाणा हैं। अब तक कुल 332 भारतीय डिपोर्ट हो चुके हैं। वहीं, शनिवार रात साढ़े 11 बजे अमेरिकी विमान 116 भारतीयों का दूसरा बैच लेकर अमृतसर एयरपोर्ट पर उतरा था। महिलाओं-बच्चों को छोड़कर सभी पुरुषों को हाथों में हथकड़ियां और पैरों में बेड़ियां डालकर विमान में बैठाया गया था। एयरपोर्ट पर ही उनके परिवार से मुलाकात कराई गई। करीब 5 घंटे की वैरिफिकेशन के बाद पुलिस की गाड़ियों में सभी को घर छोड़ा गया। इससे पहले 5 फरवरी को 104 अप्रवासी भारतीयों को जबरन लौटाया जा चुका है।

इनमें बच्चों को छोड़कर महिलाओं-पुरुषों को हथकड़ियों और बेड़ियों में जकड़कर लाया गया था। इस तरह अब तक 332 अवैध अप्रवासी भारतीयों को भारत भेजा जा चुका है। इस विमान में डिपोर्ट हुए होशियारपुर के दलजीत सिंह ने हथकड़ियां-बेड़ियां लगाने की पुष्टि की। उन्होंने कहा- हमारे हाथ बंधे थे और पैरों में जंजीरें डाली गई थी। वह डंकी रूट से अमेरिका पहुंचा था। वहीं डिपोर्ट होकर आए चचेरे भाइयों संदीप और प्रदीप को पटियाला पुलिस ने डिटेन किया है। उनसे जून 2023 में दर्ज कत्ल केस के मामले में पूछताछ की जा रही है। शनिवार को जबरन वापस भेजे गए लोगों में पंजाब से 65, हरियाणा से 33, गुजरात से 8, उत्तर प्रदेश, गोवा, महाराष्ट्र और राजस्थान से 2-2 और हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर से एक-एक व्यक्ति शामिल हैं। इनमें अधिकांश 18 से 30 साल की उम्र के हैं।

# जर्मनी में एएफडी पार्टी सरकार बनाने की दौड़ में आगे

## 80 साल में पहली बार कट्टरपंथी पार्टी को बढ़त; प्रचार में ट्रम्प का मॉडल अपनाया

एजेंसी




बर्लिन , जर्मनी में 23 फरवरी को आम चुनाव होने हैं। इस बार के चुनाव नतीजे बेहद दिलचस्प होने वाले हैं। चांसलर ओलाफ शुल्ज का सत्तारूढ़ एसडीपी गठबंधन प्री-पोल सर्वे में बुरी तरह से पिछड़ रहा है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद 80 साल में पहली बार कट्टरपंथी अल्टरनेटिव फॉर जर्मनी पार्टी (एएफडी) तेजी से आगे बढ़ी है। अभी एएफडी सरकार बनाने की रेस में दूसरे नंबर पर है। जबकि पिछले चुनाव में ये पार्टी 7वें नंबर पर रही थी। अऋऊ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के चुनाव मॉडल पर प्रचार कर रही है। पार्टी का एजेंडा भी ट्रम्प की लाइन पर है। इस पार्टी ने जर्मनी फर्स्ट का नारा दिया है। एएफडी की बढ़ती लोकप्रियता का अंदाज इसी बात से लग सकता है कि ये पार्टी हाल में हुए प्रांतीय चुनाव में पांच में से दो प्रांतों में बहुमत हासिल कर चुकी है। संघीय चुनावों में भी इस बार एएफडी को रिकॉर्ड वोट मिलने की संभावना है। एएफडी युवाओं में बेहद लोकप्रिय है। 50 साल से कम उम्र के लगभग 70% वोटर एएफडी को वोट देने की बात कह रहे हैं। जर्मनी में कुल लगभग 6 करोड़ वोटर हैं। एएफडी की नेता एलिस वीडल प्रवासियों के मुद्दे पर अपने सख्त रुख के लिए जानी जाती हैं। उनका एजेंडा प्रवासियों को वीसा देने में कटौती करना और यूरोपीय यूनियन के साथ संबंधों पर फिर से विचार करना है। यानी एएफडी यदि सरकार बनाने में सफल रहती है तो अमेरिका के साथ संबंधों को बढ़ाएगी। एलिस की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए सीडीयू के फेडरिच मर्ज और एसडीपी के ओलाफ शुल्ज भी अब प्रवासियों को वीसा में कटौती के मुद्दे को उठा रहे हैं। एएफडी की जीत भारतीय हितों पर भारी पड़ सकती है। हाल ही में जर्मनी ने इस साल से भारतीयों को चार गुना अधिक स्किल वीसा जारी करने का ऐलान किया है। जर्मनी के चांसलर ओलाफ शुल्ज ने अक्टूबर में अपनी भारत यात्रा के दौरान कहा था कि हमारे देश को भारतीय टैलेंट की जरूरत है। लेकिन इन चुनावों में कट्टरपंथी एएफडी पार्टी को जीत मिलती है तो उसकी जर्मनी फर्स्ट की नीति के तहत जर्मन लोगों को पहले जॉब ऑफर किए जाएंगे। फिलहाल जर्मनी हर साल 20 हजार भारतीयों को स्किल वीसा जारी करता है। शुल्ज ने इसे बढ़ाकर 80 हजार करने की बात कही थी। अभी जर्मनी में 2 लाख 85 हजार भारतीय रहते हैं। एएफडी की सरकार बनने के बाद वर्क वीसा और परमानेंट रेजिडेंसी में भी दिक्कत आ सकती है। जर्मनी में भारतीय छात्रों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। 2021 में जहां 25 हजार भारतीय छात्र थे, ये संख्या 2024 में बढ़ कर लगभग दो गुनी हो गई है। जर्मनी में भारतीय छात्र यूरोप में दूसरे नंबर पर हैं। पहले नंबर पर भारतीय छात्र ब्रिटेन में हैं। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और टेस्ला के सीईओ इलॉन मस्क कट् ?टरपंथी एएफडी पार्टी को खुला समर्थन दे रहे हैं। पुतिन का कहना है कि एएफडी के सत्ता में आने से रूस के जर्मनी के साथ संबंध और बेहतर होंगे। जबकि मस्क का कहना है कि एएफडी की जीत से जर्मनी यूरोप में फिर से शक्तिशाली देश के रूप में उभरेगा।

# अमेरिका को अपना खनिज भंडार नहीं देगा यूक्रेन

## जेलेंस्की बोले- अमेरिका हमारे आधे संसाधन लेकर जंग में मदद देगा, इसकी गारंटी नहीं

एजेंसी

कीव, यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने युद्ध में दी गई मदद के बदले यूक्रेन के खनिज भंडार में हिस्सा मांगने के अमेरिका के ऑफर को ठुकरा दिया है। यह जानकारी रविवार को अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने दी। इस डील के तहत अमेरिका ने यूक्रेन के ग्रेफाइट, लिथियम और यूरेनियम समेत सारे खनिज भंडारों में 50% हिस्सेदारी की मांग रखी थी। अमेरिका



का कहना था कि अब तक जो भी मदद यूक्रेन को दी गई है उसके बदले में यूक्रेन के रेअर अर्थ मटेरियल को हमसे बांटे। हालांकि इस डील में ये नहीं बताया गया था कि 50% खनिज लेने के बाद अमेरिका सैन्य और आर्थिक मदद देना जारी रखेगा या नहीं। यूएस ट्रेजरी सेक्रेटरी कीव में जेलेंस्की को दिया था प्रस्ताव 12 फरवरी को अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने कीव में जेलेंस्की से मुलाकात की थी। तब उन्होंने देश के आधे खनिजों की मांग की थी। यह ट्रम्प प्रशासन के किसी अधिकारी की पहली यूक्रेन यात्रा थी। एक क्लोज डोर मीटिंग में यूक्रेनी राष्ट्रपति इस डील से इनकार कर दिया था। यूक्रेन के एक अधिकारी और एनर्जी एक्सपर्ट ने रविवार को बताया कि अमेरिका न सिर्फ यूक्रेन के खनिज में हिस्सेदारी मांग रहा था, बल्कि तेल और गैस जैसे प्राकृतिक संसाधनों को भी हथियाना चाह रहा था। अगर ये डील फाइनल हो जाती तो यूक्रेन के संसाधनों से हुई आधी कमाई पर भी अमेरिका का हक हो जाता। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 3 फरवरी को कहा था कि वे यूक्रेन से जंग में मदद जारी रखने के बदले रेयर अर्थ मटेरियल (दुर्लभ मृदा संसाधन) को लेकर समझौता करना चाहते हैं। ट्रम्प ने ओवल ऑफिस में मीडिया से कहा था कि अमेरिका ने यूक्रेन को अपने यूरोपीय सहयोगियों के मुकाबले ज्यादा सैन्य और आर्थिक सहायता भेजी है।

# अखिलेश यादव बोले- 'महाकुंभ कोई शब्द नहीं, लोगों को गुमराह किया कि 144 साल बाद कुंभ हो रहा है'



**समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव अपने संसदीय क्षेत्र कन्नौज पहुंचे थे. जहां उन्होंने जमकर इखढ और प्रदेश के मुख्यमंत्री पर हमला बोला. उन्होंने कहा बीजेपी ने देश कमजोर कर दिया.**

एजेंसी

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आज अपने संसदीय क्षेत्र कन्नौज पहुंचे. अखिलेश यादव का कार्यकताओं ने फूलों से जोरदार स्वागत किया. मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि कुंभ को महाकुंभ बताकर भाजपा खुद को चमकाने का काम कर रही है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि कुंभ में 100 करोड़ लोगो की व्यवस्था की गई है. उसके बावजूद अव्यवस्था के कारण लोगों की जान जा रही. किन लोगों की जान गई, इसकी जानकारी के लिए किसी की सूची नहीं है. सब सड़कें जाम थी. आए दिन हम खबरे सुन रहे है कि सड़क हादसे में श्रद्धालुओं की जान जा रही है. हमारी मांग है कि कुंभ मेले का समय बढ़ाया जाए. कन्नौज के सम्राट हर्षवर्धन ने कुंभ का आयोजन शुरू किया था. आज उन्हीं की मूर्ति को वहां से हटा दिया गया है. कुंभ पौराणिक है यह कोई नहीं जानता, ये कब से चल रहा है लेकिन भारतीय जनता पार्टी ये साबित करना चाहती है ये कुंभ उन्हीं ने शुरू कराया है.

विपक्ष सकारात्मक राजनीति करती है- अखिलेश यादव

इससे पहले कुंभ होता ही नहीं था. कुंभ का नाम महाकुंभ कर देना महा आयोजन के लिए 10 हजार करोड़ से ज्यादा खर्च कर देना. डबल इंजन की सरकार ने कुंभ के लिए निमंत्रण दिया जबकि ऐसी कोई परंपरा नहीं थी. कुंभ आयोजन सरकार की नाकामी है. सरकार की गलती है. सरकार अपनी नाकामी छिपा रही है, इसलिए विपक्ष पर आरोप लगा रही है. हम लोग सकारात्मक राजनीति कर रहे हैं.

प्रेस के लोग कोई खबर बता रहे है कि ये व्यवस्था गड़बड़ हो गई है. उसको सुधारने की जरूरत है. दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हादसे पर बोले सरकार, तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनने की सोच रही है. लेकिन लोगों के आने जाने की व्यवस्था नहीं कर पा रही है. कुंभ में जाने वाले श्रद्धालु बाथरूम के लिए परेशान है. भारतीय जनता पार्टी कह रही 144 साल बाद ऐसा कुंभ आया है

# फौजी मंदीप सिंह अमेरिका से डिपोर्ट होकर अमृतसर लौटे, सुनाई खतरनाक 'डंकी रूट' की कहानी

**अमेरिका से डिपोर्ट किए गए मंदीप सिंह अमृतसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए आपबीती सुनाई.**

एजेंसी

अमृतसरः अवैध प्रवासी भारतीयों को लेकर अमेरिका से एक और फ्लाइट अमृतसर एयरपोर्ट पर उतरी. प्लेन से उतरने वाले लोगों पर अवैध तरीके से अमेरिका में प्रवेश करने का आरोप लगा है. अमेरिकी प्रशासन ने उन सभी को डिपोर्ट कर इंडिया भेज दिया है. मंदीप उन लगभग 500 भारतीयों में से एक हैं जिन्हें अमेरिका में ट्रंप प्रशासन द्वारा इलीगल इमिग्रेशन पर कार्रवाई के तहत भारत डिपोर्ट किया गया है. पंजाब के अमृतसर निवासी 38 वर्षीय मंदीप सिंह उन 116 अवैध प्रवासियों में से एक हैं जिन्हें शनिवार रात अमेरिका से वापस भेजा गया, मंदीप ने बताया कि उन्होंने 17 साल तक भारतीय सेना में सेवा की, उसके बाद उन्होंने एक ट्रैवल एजेंट को मोटी रकम देकर अमेरिका में बेहतर नौकरी करने का सपना संजोया था. अमेरिका से डिपोर्ट किए गए मंदीप सिंह ने आपबीती सुनाई मंदीप ने अमेरिका से अन्य निर्वासितों के साथ विशेष सैन्य



विमान से अपनी यात्रा को अपमान और यातना से भरा बताया. उन्होंने आरोप लगाया कि निर्वासितों को हथकड़ी लगाई गई

उनके पैरों में बेड़ियां डाली गईं और सिख निर्वासितों की पगड़ियां उतार दी गईं.मंदीप ने कहा, ₹उन्होंने हमारे साथ बहुत बुरा व्यवहार किया. उन्होंने हमें हथकड़ी लगाई, हमारे पैर बांधे और हमें फ्लाइट में ले गए. अमृतसर में फ्लाइट के उतरने से आधे घंटे पहले उन्होंने हमारे हाथ और पैरों से हथकड़ी हटा दी. उन्होंने हमें फ्लाइट में कुछ खाने को दिया ताकि बाहर के लोग सोचें कि उन्होंने हमारे साथ अच्छा व्यवहार किया है, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया. हम 20 दिनों तक कैंप में रहे... कुछ लोग 40 दिन, कुछ 10 दिन और कुछ चार दिन रहे और वहां से अमृतसर तक हम बिना पगड़ी के आए.

# 'सुप्रीम कोर्ट के फैसले तक मुख्य चुनाव आयुक्त के चयन के लिए न हो बैठक', कांग्रेस की केंद्र से मांग

## चुनाव आयुक्त के चयन में पारदर्शी, निष्पक्ष और संतुलित फैसला हो- सिंघवी

एजेंसी

नई दिल्लीः मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार 18 फरवरी को रिटायर हो रहे हैं. नए चुनाव आयुक्त की तलाश में सोमवार (17 फरवरी 2025) को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास पर बैठक हुई. इस बैठक में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल हुए. हालांकि, कांग्रेस ने राहुल गांधी के बैठक से निकलते ही प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस बैठक के औचित्य पर सवाल उठा दिए. कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी और अजय माकन ने कहा, हमारी मांग है कि चुनाव आयुक्त की नियुक्ति वाली कमेटी में भारत के चीफ जस्टिस को होना चाहिए. अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा, चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है. चुनाव आयोग की नियुक्ति में चीफ जस्टिस को होना चाहिए. एक स्वतंत्र चुनाव आयोग होना चाहिए. हाल ही में चुनाव आयोग को लेकर बहुत सवाल उठे हैं. कांग्रेस नेता अजय माकन ने कहा, आप सबको पता है कि मुख्य चुनाव आयुक्त के चयन को लेकर आज बैठक थी. लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि 19 फरवरी को इस विषय पर सुनवाई होगी और फैसला सुनाया जाएगा कि कमेटी का संविधान किस तरीके से होना चाहिए

महाराष्ट्र शासन

इलाखा शहर विभाग, (सा. नि.)

ई-निविदा सूचना क्र. 79 वर्ष 2024-2025

कार्यकारी अभियंता, इलाखा शहर विभाग, मुंबई (दूरभाष क्रमांक - 22016975 / 22016977) महाराष्ट्र शासन के सार्वजनिक निर्माण विभाग में उपयुक्त वर्ग के पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों के लिए बी-1 प्रारूप की निविदाएं ई-निविदा प्रणाली (ऑनलाइन) के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं. निविदा स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार कार्यकारी अभियंता, इलाखा शहर विभाग, मुंबई के पास सुरक्षित रहेगा.

| अ. क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि (रु. लाख) |
|---|---|---|
| 1 | मा. मंत्री महोदय के कार्यालय की विस्तार इमारत में प्रथम मंजिल के कक्ष क्र. 101 से 108 तक का नवीनीकरण कार्य | 40.75 |
| 2 | मा. मंत्री महोदय के कार्यालय की विस्तार इमारत में प्रथम मंजिल के कक्ष क्र. 115 से 117 तक का नवीनीकरण कार्य | 36.61 |
| 3 | मा. मंत्री महोदय के कार्यालय की मुख्य इमारत में प्रथम मंजिल के कक्ष क्र. 103 के कार्यालय का नवीनीकरण कार्य | 41.96 |
| 4 | मा. मंत्री महोदय के कार्यालय की विस्तार इमारत में प्रथम मंजिल के कक्ष क्र. 139 का नवीनीकरण कार्य | 32.18 |
| 5 | मा. मंत्री महोदय के कार्यालय की विस्तार इमारत में तृतीय मंजिल के कक्ष क्र. 302 से 307 तक का नवीनीकरण कार्य | 33.19 |
| 6 | मा. मंत्री महोदय के कार्यालय की मुख्य इमारत में भूतल स्थित कार्यालयों का नवीनीकरण कार्य | 43.21 |
| 7 | मा. मंत्री महोदय के कार्यालय की विस्तार इमारत में द्वितीय मंजिल के कक्ष क्र. 205 से 207 तक का नवीनीकरण कार्य | 35.77 |
| 8 | मा. मंत्री महोदय के कार्यालय की मुख्य इमारत में भूतल स्थित कार्यालयों का नवीनीकरण कार्य | 41.09 |
| 9 | मा. मंत्री महोदय के कार्यालय की विस्तार इमारत में द्वितीय मंजिल के कक्ष क्र. 201, 202, 212 का नवीनीकरण कार्य | 31.87 |
| 10 | मा. मंत्री महोदय के कार्यालय की मुख्य इमारत में प्रथम मंजिल के कक्ष क्र. 101 का नवीनीकरण कार्य | 33.12 |
| 11 | मा. मंत्री महोदय के कार्यालय की विस्तार इमारत में द्वितीय मंजिल के कक्ष क्र. 241 का नवीनीकरण कार्य | 38.64 |
| 12 | मा. मंत्री महोदय के कार्यालय की मुख्य इमारत में प्रथम मंजिल के कक्ष क्र. 102 का नवीनीकरण कार्य | 40.36 |
| 13 | मा. मंत्री महोदय के कार्यालय की विस्तार इमारत में द्वितीय मंजिल के कक्ष क्र. 221 का नवीनीकरण कार्य | 34.13 |
| 14 | मा. मंत्री महोदय के कार्यालय की मुख्य इमारत में 3री मंजिल के कक्ष क्र. 316 का नवीनीकरण कार्य | 31.19 |
| 15 | मा. मंत्री महोदय के कार्यालय की विस्तार इमारत में द्वितीय मंजिल के कक्ष क्र. 201 का नवीनीकरण कार्य। | 38.71 |
| 16 | मा. मंत्री महोदय के कार्यालय की मुख्य इमारत में तृतीय मंजिल के कक्ष क्र. 340 का नवीनीकरण कार्य | 35.80 |
| 17 | मा. मंत्री महोदय के कार्यालय की मुख्य इमारत में द्वितीय मंजिल के कक्ष क्र. 202 का नवीनीकरण कार्य | 36.41 |
| 18 | मा. मंत्री महोदय के कार्यालय की विस्तार इमारत में तृतीय मंजिल के कक्ष क्र. 315 का नवीनीकरण कार्य | 37.72 |
| 19 | मा. मंत्री महोदय के कार्यालय की मुख्य इमारत में द्वितीय मंजिल के कक्ष क्र. 203 का नवीनीकरण कार्य | 39.12 |
| 20 | मा. मंत्री महोदय के कार्यालय की विस्तार इमारत में चतुर्थ मंजिल के कक्ष क्र. 402 का नवीनीकरण कार्य | 34.05 |

ई-निविदा उपलब्ध अवधिः दिनांक 17.02.2025 से दिनांक 24.02.2025 तक

ई-निविदा खोलने की तिथिः दिनांक 25.02.2025 को दोपहर 3:00 बजे

निविदा सूचना में यदि किसी प्रकार का परिवर्तन / संशोधन किया जाना हो, तो उसका शुद्धिपत्र समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जाएगा. इस संबंध में सभी परिवर्तन ऑनलाइन निविदा प्रक्रिया में प्रकाशित किए जाएंगे.

निम्नलिखित वेबसाइटों पर ई-निविदा से संबंधित सभी जानकारी उपलब्ध हैः

1. www.mahapwd.com 2. http://mahatenders.gov.in

जा. क्र.: इशवि / निलि/ 1600

कार्यकारी अभियंता

इलाखा शहर विभाग, मुंबई का कार्यालय,

सार्वजनिक निर्माण विभाग, 2री मंजिल, बांधकाम भवन, 25 मर्झबान रोड, फोर्ट,

मुंबई - 400 001

ई-मेलः presidency.ee@mahapwd.gov.in

दिनांकः 11.02.2025

हस्ता./-

(वी. ए. पाटसकर)

कार्यकारी अभियंता,

इलाखा शहर विभाग, मुंबई

डीजीआयपीआर/2024-2025/6508

# विभिन्न पर्व

| पौष पूर्णिमा | मकर संक्रांत | मौनी आमावश्या | बसंत पंचमी | माघी पूर्णिमा | महा शिवरात्री |
|---|---|---|---|---|---|
| 13/01/2025 | 14/01/2025 | 29/01/2025 | 03/02/2025 | 12/02/2025 | 26/02/2025 |

## संक्षेप

### चाय पीते समय श्रद्धालु की मौत

**पिकअप ने मारी टक्कर, कोलकाता के रहने वाले थे, परिजनों ने ड्राइवर को पीटा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, अयोध्या-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। कूरेभार के ईरूल के पास सोमवार को एक मिनी पिकअप ने सड़क किनारे चाय पी रहे दो श्रद्धालुओं को टक्कर मार दी। हादसे में कोलकाता निवासी 48 वर्षीय नारायण गुप्ता की मौत हो गई, जबकि उनके रिश्तेदार 40 वर्षीय अजित जायसवाल गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना उस समय हुई जब सड़क पर जाम लगा हुआ था। दोनों श्रद्धालु अपनी एक्सयूवी कार से उतरकर सड़क किनारे चाय पी रहे थे। इसी दौरान एक मिनी पिकअप पटरी से निकलते हुए श्रद्धालुओं से टकरा गई। पिकअप के चालक रमन कुमार बिहार के सीतामढ़ी का रहने वाला है। उसने घायलों को तुरंत राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने नारायण गुप्ता को मृत घोषित कर दिया। घायल का हो रहा इलाज मृतक के परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। घटना से आक्रोशित मृतक के परिवार की महिलाओं ने ड्राइवर को पीटा। सीएमएस डॉ एस.के. गोयल के अनुसार, मृतक की सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी गई है। दोनों श्रद्धालु मूल रूप से जौनपुर के रहने वाले थे। अजित जायसवाल का इलाज राजकीय मेडिकल कॉलेज में जारी है।

### बच्ची की तालाब में डूबकर मौत

**पैसे निकालने के चक्कर में पानी में गिरी, सीढ़ियों पर मिला शव**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

बांदा, जिले में एक दर्दनाक घटना में 7 वर्षीय बच्ची की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मटौंध थाना क्षेत्र के मनका पुरवा गांव की रहने वाली जाह्नवी अनुरागी शाम को अपने भाई राहुल और अन्य बच्चों के साथ मनका बाबा तालाब के पास खेलने गई थी। घटना उस समय हुई जब जाह्नवी तालाब की सीढ़ियों पर हाथ-पैर धो रही थी। इस दौरान उसकी जेब से कुछ पैसे तालाब में गिर गए। पैसे निकालने के प्रयास में वह तालाब की गहराई में चली गई और डूब गई। उसके साथ खेल रहे बच्चों को भी इस हादसे का पता नहीं चला और वे सभी घर लौट गए। जब रात तक जाह्नवी घर नहीं लौटी, तो परिजनों ने पूरे गांव में उसकी तलाश की। सुबह जब उसके भाई राहुल ने तालाब में हाथ-पैर धोने की बात बताई, तो चाचा बाबूराम ने तालाब में छानबीन की। करीब 10 फीट गहरे तालाब में छह सीढ़ियों के नीचे जाह्नवी का शव मिला। क्षेत्राधिकारी नगर राजीव प्रताप सिंह के अनुसार मामले की जांच की जा रही है।

जाह्नवी अपने दो भाइयों की इकलौती बहन थी। उसके पिता बच्चादीन अनुरागी गांव में पान मसाला की दुकान चलाते हैं।

# मंत्री एसपी सिंह बघेल ने संगम में डुबकी लगाई

**अडाणी और इस्कॉन के भंडारे में भोजन परोसा, बोले– सौभाग्यशाली महसूस कर रहा हूं**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने महाकुंभ में स्नान किया। कहाझ महाकुंभ में स्नान पाकर सौभाग्यशाली महसूस कर रहा हूं। उन्होंने इस्कॉन और अडाणी ग्रुप के भंडारे की सराहना की। भंडारे में श्रद्धालुओं के लिए भोजन परोसा। मंत्री बघेल ने कहाझ आज महाकुंभ में पवित्र स्नान का अवसर पाकर मैं स्वयं को सौभाग्यशाली मानता हूं। यह ईश्वर की कृपा और जीवन का एक महत्वपूर्ण क्षण है। महाकुंभ केवल आध्यात्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह सेवा, सहयोग और समर्पण की भावना का जीवंत उदाहरण है। लाखों श्रद्धालुओं के बीच फैली आस्था और सेवा की यह परंपरा भारतीय संस्कृति के गौरवशाली स्वरूप को प्रस्तुत करती है। कुप्रबंधन के आरोपों पर किया विपक्ष पर पलटवार विपक्ष द्वारा महाकुंभ में कुप्रबंधन के आरोपों पर मंत्री बघेल ने कहाझ मैं विपक्ष से कहना चाहता हूं कि जब उनकी बेटी की शादी में 200-300 मेहमान आते हैं, तब उनकी धड़कनें तेज हो जाती हैं। घबराहट होती है। लेकिन, यहां अब तक 54 करोड़ लोग आ चुके हैं। पीएम मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह निश्चित रूप से एक सफल और ऐतिहासिक आयोजन है। इस कुम्भ ने सभी पिछले कुम्भ के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। रोज एक लाख लोगों को फ्री भोजन मिल रहा मंत्री ने इस्कॉन और अडाणी ग्रुप के सेवा कामों की प्रशंसा करते हुए कहाझ अडाणी ग्रुप के सहयोग से इस्कॉन द्वारा रोज एक लाख लोगों को महाप्रसाद दिया जा रहा है। यह सेवा काम कुंभ की भावना को और पवित्र बनाता है। उन्होंने कहाझ हम इसे महाप्रसाद कहते हैं, क्योंकि हमारे देश में 80 करोड़ लोगों को रोज 5 किलो गेहूं और चावल फ्री दिया जा रहा है। यह भारत की सेवा और समर्पण की परंपरा का परिचायक है।

# महाकुंभ में लगी भारतीय रेलवे की प्रदर्शनी

**विश्व के सबसे ऊंचे चेनाब रेल ब्रिज का मॉडल कर रहा आकर्षित, कारगिल युद्ध में रेलवे की सेवाएं बताई**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, महाकुंभ में भारतीय रेलवे जहां एक ओर सफल भीड़ प्रबंधन और रिकॉर्ड मेला स्पेशल ट्रेनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को उनके गंतव्य तक पहुंचा रहा है। वहीं, दूसरी ओर मेला क्षेत्र में लगी रेलवे की प्रदर्शनी भारतीय रेलवे में विरासत और विकास को प्रदर्शित कर रही है। महाकुंभ में लगी रेलवे की प्रदर्शनी में चिनाब और पंबन ब्रिज के मॉडल लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। रेलवे की आधुनिक तकनीकि से युक्त नमो भारत, अमृत भारत और वंदे भारत की स्लीपर ट्रेन के बारे में आमजन को बताया जा रहा है। इसके साथ ही भारतीय रेलवे के देश के युद्ध और महत्वपूर्ण अवसरों पर किए गए योगदान को भी दिखाया गया है। दुनिया के सबसे ऊंचे चेनाब रेल ब्रिज का मॉडल महाकुंभ मेला क्षेत्र के सेक्टर-1 में लगी रेलवे की प्रदर्शनी में देश की आधुनिकतम् तकनीकि से बने चेनाब और पंबन ब्रिज के माडल का प्रदर्शन किया गया है। जम्मू कश्मीर में बना चेनाब ब्रिज दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज है। चेनाब नदी पर बने रेल ब्रिज की ऊंचाई नदी तल से 359 मीटर है जो फ्रांस के एफिल टॉवर से भी 35 मीटर अधिक है। वहीं दूसरी ओर रामेश्वरम को जोड़ने वाला पंबन ब्रिज, पूर्णतः स्वचालित वर्टिकल लिफ्ट स्पैन देश का ऐसा पहला समुद्री रेल पुल है। इसको भी प्रदर्शनी में शामिल किया गया है। अमृत भारत और नमो भारत ट्रेनों का किया गया है

डिस्प्ले भारतीय रेलवे की प्रदर्शनी में मोदी सरकार की ओर से देश की दी जा रही आधुनिकतम्तकनीक युक्त ट्रेनें अमृत भारत, नमो भारत और वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों की जानकारी दी जा रही है। अमृत भारत ट्रेन जहां सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन है तो वहीं नमो भारत देश की पहली ईएमयू ट्रेन हैं जो केवल 40 मिनट में मेरठ से अशोक नगर की दूरी तय करेगी।

# दिल का दौरा पड़ने से युवक की मौत

- **एक्सप्रेसवे की कैंटीन पर चाय पीने रुका था, वॉशरूम में गिरकर दम तोड़ा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर स्थित एक कैंटीन पर हृदय गति रुकने से एक 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान बिहार के समस्तीपुर जिले के विठान थाना क्षेत्र के चंदौली गांव निवासी सुदिन यादव के रूप में हुई है। बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के माइल स्टोन 61 के पास स्थित कैंटीन की है। सुदिन अपने चाचा इंदू यादव के साथ यात्री बस से करनाल से समस्तीपुर जा रहा था। सुबह करीब 5 बजे बस कैंटीन पर रुकी, जहां दोनों चाय पीने के लिए उतरे। इसी दौरान सुदिन शौचालय की तरफ गया, जहां वह अचानक लड़खड़ाकर गिर पड़ा। जब उसके चाचा उसके पास पहुंचे, तो उसकी सांसें थम चुकी थीं। घटना की सूचना मिलते ही बाजार शुकुल थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी दयाशंकर मिश्र के अनुसार, पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में युवक की मृत्यु का कारण हृदयगति रुकना बताया गया है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है।




# अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं का उपद्रव

**हाइवे पर ट्रैफिक नियम को तोड़े, बैरिकेड्स गिराया; समझाने पर पुलिस से की अभद्रता**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, प्रयागराज महाकुंभ से स्नान के बाद अयोध्या में राम मंदिर के दर्शन को जाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ी है। लेकिन कुछ श्रद्धालु कानून व्यवस्था को चुनौती दे रहे हैं। रविवार को अमरोहा से आए श्रद्धालुओं ने कूरेभार के सेऊर के पास गलत दिशा में वाहन चलाकर जाम की स्थिति बना दी। पुलिस के समझाने पर उनसे अभद्र व्यवहार किया और विधानसभा अध्यक्ष व प्रमुख सचिव से शिकायत करने की धमकी दी। गंभीर बात यह है कि कुछ श्रद्धालुओं ने पुलिस की वर्दी पर हाथ डालने का प्रयास किया। एक श्रद्धालु ने तो पुलिस को बदनाम करने के लिए अपनी साथी महिला को कपड़े फाड़ने तक के लिए कहा। इससे पहले कूरेभार के मुजेश के पास भी श्रद्धालुओं ने हाइवे जाम कर विरोध प्रदर्शन किया, जहां महिलाओं ने पुलिस की बैरिकेडिंग को तोड़ दिया।

पिछले एक सप्ताह में ऐसी कई घटनाएं सामने आई हैं। टाटिया नगर में चार दिन पहले और हलियापुर में एक सप्ताह पूर्व श्रद्धालुओं ने टोल प्लाजा पर हंगामा किया। पुलिस 24 घंटे ड्यूटी कर व्यवस्था बनाए रखने की कोशिश कर रही है, लेकिन श्रद्धालुओं का यह व्यवहार आस्था नहीं बल्कि अराजकता को दशार्ता है। फिर भी, पुलिस अभी तक ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई से बच रही है।

# महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं की कार पलटी

- **चालक को आई झपकी, उत्तराखंड-मुरादाबाद के 4 लोग घायल**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं की कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जायस कोतवाली क्षेत्र के नसीराबाद रोड स्थित लोहिया पुल के पास सुबह के समय चालक को झपकी आने से कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। इस हादसे में कार में सवार चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में मुरादाबाद के रामपुर निवासी मनोज और उत्तराखंड के रुद्रपुर निवासी कमल, अजय सिंह और हरपाल शामिल हैं। हादसे के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। जायस कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को नसीराबाद सीएचसी में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सभी श्रद्धालु महाकुंभ में स्नान करने के बाद अपने घर वापस लौट रहे थे। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि चालक को नींद आने की वजह से कार पर से नियंत्रण खो दिया, जिससे यह दुर्घटना हुई।

# दिल्ली रेलवे स्टेशन की भगदड़ के बाद अमेठी सतर्क

**डीएम-एसपी ने रात में किया स्टेशन का निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ की दुर्घटना के बाद अमेठी प्रशासन पूरी तरह से सतर्क हो गया है। जिले की डीएम निशा अनन्त और एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने देर रात अमेठी रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने स्टेशन की समग्र सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली, स्टेशन की लाइटिंग व्यवस्था, वाहन पार्किंग की स्थिति, यात्री प्रतीक्षालय, पेयजल सुविधा और पूछताछ सहायता केंद्र की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। डीएम और एसपी ने जीआरपी और आरपीएफ की टीमों को सुरक्षा को लेकर विशेष दिशा-निर्देश दिए। भी दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने संयुक्त रूप से अमेठी और गौरीगंज रेलवे स्टेशन के साथ-साथ अमेठी बस स्टैंड का भी निरीक्षण किया था। वर्तमान में अमेठी के रेलवे स्टेशनों पर भीड़ कम होने के कारण प्रशासन को कुछ राहत है, लेकिन सतर्कता बरती जा रही है। दिल्ली की घटना के मद्देनजर प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित किया जा रहा है।

# खुर्जा में नौचंदी एक्सप्रेस पर पथराव

- **रिटायर्ड विजिलेंस अधिकारी का सिर फूटा, गंभीर घायल, ट्रेन का शीशा टूटा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



हापुड़, प्रयागराज से गाजियाबाद जा रही नौचंदी एक्सप्रेस पर खुर्जा के पास अज्ञात व्यक्तियों ने पथराव कर दिया। इस घटना में गाजियाबाद के मेरठ एक्सप्रेस-वे स्थित जयपुरिया सनराइज ग्रीन के निवासी और सेवानिवृत्त विजिलेंस अधिकारी मृदुल कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, घटना खुर्जा स्टेशन से लगभग दो किलोमीटर की दूरी पर हुई, जब ट्रेन हापुड़ की ओर बढ़ रही थी। पत्थर के टकराने से ट्रेन का शीशा चकनाचूर हो गया और मृदुल कुमार के सिर से खून बहने लगा। घायल यात्री रायबरेली से अपने घर लौट रहे थे और उन्होंने नौचंदी एक्सप्रेस में रिजर्वेशन कराया था। हापुड़ स्टेशन पर ट्रेन को रोका गया, जहां घायल मृदुल कुमार का तत्काल उपचार किया गया। इस दौरान स्टेशन पर कुंभ मेले के लिए जाने वाले यात्रियों की भी लंबी कतार देखी गई। रेलवे सुरक्षा बल ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आरपीएफ प्रभारी सुभाष यादव ने बताया कि मामला बुलंदशहर से जुड़ा है। फिलहाल घायल का उपचार जारी है।

# महिलाओं ने शराब के ठेके के खिलाफ किया प्रदर्शन

**बोलीं– अभद्रता और लूटपाट की घटनाएं होती हैं, कार्रवाई नहीं होती है**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



हापुड़, थाना देहात क्षेत्र में देवनंदनी अस्पताल के सामने स्थित शराब के ठेके को लेकर स्थानीय महिलाओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। आसपास के मोहल्लों से बड़ी संख्या में एकत्र हुई महिलाओं ने शराब ठेके के संचालन के खिलाफ आवाज उठाई। महिलाओं का आरोप है कि शराब ठेके के कारण क्षेत्र में अशांति का माहौल बना हुआ है। शराब पीकर आने वाले लोग महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। इतना ही नहीं, क्षेत्र में लूटपाट की घटनाएं भी बढ़ गई हैं। महिलाओं ने बताया कि उन्होंने कई बार इस समस्या को लेकर शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। महिलाओं की मांगों को देखते हुए पुलिस अफसर समझाने में जुटे हैं। महिलाओं ने हंगामा करते हुए शराब के ठेके को बंद करवा दिया।

# डाकघर एक घंटे लेट खुलने से भड़के ग्रामीण

**आधार लिंक के लिए लाइन में खड़े थे, कर्मचारी के एक्सीडेंट की वजह से देरी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

हसनपुर, रहरा में स्थित डाकघर के देर से खुलने से ग्रामीणों में रोष फैल गया। नियमित समय की बजाय डाकघर सुबह 11 बजे खुला, जिससे आधार कार्ड लिंक कराने आए सैकड़ों ग्रामीणों को लंबा इंतजार करना पड़ा। गुस्साए ग्रामीणों ने डाकघर के सामने प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया। प्रदर्शन में शामिल राजवीर और नौशाद समेत कई ग्रामीणों ने मांग की कि डाकघर को नियत समय पर खोला जाए, ताकि आम लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। मामले में डाकघर के पोस्टमास्टर ने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि डाकघर के ताला खोलने वाले कर्मचारी का दुर्घटना होने के कारण देरी हुई। हालांकि, उन्होंने भविष्य में ऐसी स्थिति न दोहराए जाने का आश्वासन दिया।

# डिजिटल अरेस्ट के नाम पर की धोखाधड़ी

**कमरौली पुलिस की कार्रवाई, पीड़ित को मिले 35 हजार रुपये वापस**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी , साइबर अपराध का एक मामला सामने आया, जहां पुलिस की सक्रियता से पीड़ित को राहत मिली। कमरौली थाना क्षेत्र के उतेलवा निवासी संतोष कुमार श्रीवास्तव के साथ साइबर ठग ने डिजिटल अरेस्ट का झांसा देकर 35,000 रुपये की ठगी कर ली थी। पीड़ित ने जब कमरौली थाने में शिकायत दर्ज कराई, तो पुलिस अधीक्षक अमेठी ने तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। थाना कमरौली की पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए धोखाधड़ी में प्रयुक्त बैंक खाते को फ्रीज करवाया और पीड़ित के खाते में पूरी रकम वापस करवाने में सफलता हासिल की।

# व्यापारियों पर अत्याचार का आरोप

**सपा की डीएम से शिकायत, कहा– लूट–हत्या और फर्जी मुकदमों से परेशान हैं दुकानदार**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमरोहा, उत्तर प्रदेश में व्यापारियों की सुरक्षा और आर्थिक स्थिति को लेकर समाजवादी व्यापार सभा ने अमरोहा कलेक्ट्रेट में डीएम को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। संगठन ने बताया कि प्रदेश में व्यापारियों के खिलाफ लूट, हत्या और अपहरण की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। राज्य कर विभाग, बांट माप, श्रम विभाग और खाद्य सुरक्षा विभाग के कुछ अधिकारी छोटे-मध्यम दुकानदारों का उत्पीड़न कर रहे हैं। जांच के नाम पर रेहड़ी-पटरी वालों और उद्यमियों के प्रतिष्ठानों में जाकर परेशान किया जा रहा है। कई व्यापारियों के बैंक खाते भी सीज किए जा रहे हैं। ऑनलाइन मार्केटिंग से पहले से प्रभावित छोटे व्यापारियों की मुश्किलें इन कार्रवाइयों से और बढ़ गई हैं। निष्पक्ष जांच की मांग समाजवादी व्यापार सभा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष जगन अग्रवाल का मामला उठाते हुए आरोप लगाया कि सरकार व्यापारियों पर झूठे आपराधिक मुकदमे दर्ज कर उन्हें जेल भेज रही है।


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा एफ.एल.टी.-एल.जी.-75, आर.एम. 4/4, इंदिरा नगर, सुंदर बाग, आर.डी. कुर्ला (प.) मुम्बई, 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं एस.आर. पब्लीकेशन, मोहन अर्जून कम्पाउंड गोदाम नं. 8,9,10 नीयर घाटन पाड़ा, वैशाली नगर, लास्ट बस स्टाप, दहिसर (पूर्व), मुम्बई 400068 महाराष्ट्र से मुद्रित।। सम्पादक- खुशीराम शर्मा ।।
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 02248253669,8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173 संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001 भारत संवाद सिटी ऑफिस- फ्लैट नंबर 24, सेकंड फ्लोर, कांटेक्टर बिल्डिंग, ब्लार्ड स्टेट, वजू कोटक मार्ग, शहीद भगत सिंह रोड, फोर्ट, मुंबई 400001 महाराष्ट्र।